( पौष माह ) वर्ष-10, अंक 200, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज शनिवार 19 अक्टूबर, 2024

TM

नगर संस्करण

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

Adhunik Samachar

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

## डीबीए भवन के सामने लगेगी डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमाः श्याम बिहारी यादव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन भवन के सामने बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की कवायद तेज हो गई है। अधिवक्ताओं ने डीबीए कैंटीन में बुधवार की शाम बैठक कर रणनीति बनाई है। प्रतिदिन लोगों से संपर्क कर सहयोग राशि इकट्ठी की जाएगी। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एडवोकेट ने कहा कि डीबीए भवन के सामने बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा निहायत जरूरी है। इसके लिए सभी को एकजुट होकर लोगों से संपर्क कर सहयोग राशि इकट्ठी करनी होगी। मौके पर मौजूद लोगों ने एक स्वर में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा सदस्यता अभियान, चुनाव सहित अन्य मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीबीए अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एडवोकेट और संचालन एडवोकेट संतोष कुमार ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से अधिवक्ता सत्यप्रकाश सिंह कुशवाहा, हरिप्रसाद यादव, रामचंद्र सिंह, रामवृक्ष, राजेश कुमार यादव, आरबी दोहरे, चन्द्रप्रकाश सिंह,धनंजय कुमार मौर्य, कृष्णानंद सिंह, रामजियावन सिंह, आरसी भारत, प्रदीप कुमार, चतुर्भुज शर्मा,विजय कुमार सक्सेना, प्रेम प्रताप विश्वकर्मा, हरिद्वार, संतोष कुमार,रूपवंत राव,संदीप कुमार कुशवाहा, महेंद्र प्रताप सिंह आदि शामिल हैं।

## महान रचनाकार आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की मनाई गई जयंती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि प्रभु श्री राम के आदर्श चरित्र को लिपिबद्ध कर महा ग्रंथ रामायण की रचना करने वाले महान रचनाकार आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर मनाई गई और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्टी को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार एवं समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि रामायण के रचयिता एवं संस्कृति के महाकवि महर्षि वाल्मीकि जी का जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था, किंतु डाकुओं के साथ रहने के कारण वह लूटपाट और हत्याएं करने लगे और उनकी आजीविका का साधन हो गया , इन्हें जो भी मार्ग में मिलता वह उनकी संपत्ति लूट लिया करते थे । एक दिन उनकी मुलाकात देवर्षि नारद



से हुई। उन्होंने नारद जी को लुटते हुए कहा कि तुम्हारे पास जो कुछ है उसे निकाल कर रख दो नहीं तो तुम्हें जीवन से हाथ धोना पड़ेगा । नारद ने कहा मेरे पास इस बीड़ा और वस्त्र के अलावा कुछ और नहीं है तुम लेना चाहो तो इसे ले सकते हो, लेकिन तुम यह कुकर्म करके भयंकर पाप क्यों करते हो, देवर्षि की कोमल बड़ी सुनकर वाल्मीकि का कठोर हृदय कुछ द्रवित हुआ इन्होंने कहा कि मेरी आजीविका का यही साधन है और इस से ही मैं अपने परिवार का भरण पोषण करता हूं । देवर्षि नारद बोले तुम अपने परिवार वालों से जाकर पूछो कि वह तुम्हारे इस पाप कर्मों में भी हिसाब बटाएंगे या नहीं । वाल्मीकि ने परिजनों से यह प्रश्न पूछा तो सभी ने कहा कि यह तुम्हारा कर्तव्य है कि हमारा भरण पोषण करो परंतु हम तुम्हारे पाप कर्मों में क्यों भागीदार बने । परिजनों की बात सुनकर बाल्मीकि को आघात लगा उनके ज्ञान नेत्र खुल गए उनके जीवन की दिशा बदल गई । इस घटना से बहुत दुखी हुए और गलत मार्ग का त्याग करते हुए श्री राम की भक्ति में डूब गए । महर्षि वाल्मीकि जी के लोकप्रियता सर्वपरी है एवं हिंदू धर्म के अनुयाई वाल्मीकि के सदैव रीडी रहेंगे । गोष्ठी में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद शाईद कुरैशी अनिल प्रधान अशोक पटेल सरदार पारब्रह्म सिंह पंचदेव सिंह खरवार त्रिपुरारी गौड़ सौर त्रिपाठी सनी पटेल बाबू हाशमी विद्यासागर मौर्य बबलू धागर राजकुमार यादव दीनानाथ अग्रवाल जिलाजीत यादव के साथ दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## 1 निलंबित, 2 कारण बताओ नोटिस, लिए 9 नमूने ग्रहीत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** रबी सीजन में फसलों की बुआई प्रारंभ होने पर जिलाधिकारी द्वारा निर्गत आदेश



के अनुपालन में आज जनपद की समस्त तहसीलों में उर्वरक निरीक्षकों एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा खाद एवं बीज की दुकानों पर औचक छापेमारी की कार्यवाही की गई। तहसील सोनभद्र के बिहार की सीमा से लगे खलियारी,नगवा में जिला कृषि अधिकारी डा0हरि कृष्ण मिश्रा,सहायक निदेशक मत्स्य आर के श्रीवास्तव द्वारा में0यादव खाद भंडार बरैनी,में0विजय खाद भंडार,में0 सिंह खाद भंडार आदि खाद एवं बीज की दुकानों पर छापे मारे गए। जिसमे में0यादव खाद भंडार प्रो0बृजेश कुमार के प्रतिष्ठान को इ्ध्ए मशीन से विक्रय न करने,स्टॉक में अनियमितता पाए जाने के कारण निलंबित किया गया।में0विजय खाद भंडार प्रो0विजय कुमार,भैरहवा ,में0इफको बाजार,कर्मा प्रो0विशाल श्रीवास्तव को रेट सूची न प्रदर्शित करने,स्टॉक रजिस्टर न दिखाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। शिकायत प्राप्त होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय, आभासी कमी पैदा करने,काला बाजारी करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1965 के अंतर्गत एफ0आई0आर0की कार्यवाही की जाएगी। कृषक विक्रेताओं से कृषि निवेशों के बिल अवश्य प्राप्त करें,किसी भी अनियमितता / संदिग्धता की स्थिति में अवश्य अवगत कराएं। किसान शासन की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, कृषकों का शोषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

NAINI ALLAHABAD

कौशलं बलम्

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है।

रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




(वरिष्ठ आई.पी.एस.) श्री अविनाश चन्द्रा
महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity



# डॉक्टर सोनेलाल पटेल का मना परीनिर्माण दिवस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** गुरुवार को अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री बहन अनुप्रिया पटेल के निर्देशन के क्रम में पटेल धर्मशाला बिचपई में अपना दल के संस्थापक अध्यक्ष रहे यशः कायी डॉक्टर सोनेलाल पटेल



का परिनिर्वाण दिवस जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल के अध्यक्षता में मनाई गई।। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा 80 रॉबर्ट्सगंज की पूर्व प्रत्याशी व विधानसभा 96 की माननीया विधायक रिंकी कोल , विशिष्ठ अतिथि जिले की प्रथम नागरिक अध्यक्ष जिला पंचायत राधिका पटेल , अति विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य दिनेश बीयार , प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच आनंद पटेल दयालु , वरिष्ठ नेता सुरजीत पटेल , प्रदेश सचिव श्रमिक मंच विनोद यादव , प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच महताब आलम , प्रदेश सचिव युवा मंच आलोक पांडेय ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनी श् राजन सिंह ,उपस्थित रहे। मुख्यातिथि रिंकी कोल , व विशिष्ठ अतिथि राधिका पटेल और जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल के साथ सभी सम्मानित अतिथिगण ने यशः कायी डॉक्टर सोनेलाल पटेल व आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत करी। कार्यक्रम को संबोधित करने हुए रिंकी कोल ने कहा कि यशः कायी डॉक्टर सोनेलाल पटेल सामाजिक न्याय व व्यवस्था परिवर्तन के नायक थे। हम सभी को उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। वही विशिष्ठ अतिथि राधिका पटेल ने कहा कि दूसरी आजादी के महान नायक डॉक्टर सोनेलाल पटेल हम सभी के आदर्श हैं डॉक्टर साहब का सपना था कि शोषित वंचित कमेरा समाज के अधिकार और हक दिलाने का जो सपना था उसे साकार करने के लिए मैं सदैव काम करूंगा। साथी कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व जिला मीडिया प्रभारी विकास पटेल ने किया। इस अवसर पर दूसरे दलों से चलकर आए सम्मानित युवाओं को मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि ने अपना दल एस का पट्टा व माला पहनाकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता ग्रहण करने के क्रम में श्यामसुंदर , अरविंद पटेल , आनंद विश्वकर्मा , दीपू पटेल , सुभाष पटेल , राकेश पाल , अंकित यादव , शिवम चौधरी , कैलाश यादव , आदर्श यादव , विजय यादव , अभय विश्वकर्मा , रविंद्र शर्मा , धीरेंद्र पटेल , आदि लोगों ने अपना देश की व्यवस्था ग्रहण करी। मुकेश पटेल तरंग , शिबू शेख , धीरज चौबे , पंकज सिंह , सतीश पटेल , वीरेंद्र पटेल , गोरख पटेल , बाबूराम पटेल , अनूप पटेल , अर्पित तिवारी , विकास पटेल ,विधान सभा अध्यक्ष आनंद पटेल , रामसूरत पटेल , हरिप्रसाद धांगर , चंद्रशेखर पटेल , इंजीनियर केडी सिंह , नवनीत सिंह , आशिफ अहमद राकेश पटेल ,सुनील पटेल , नंदू पटेल, विजय पटेल, सोनी खान ,पुष्पराज पटेल , ओमप्रकाश , महेंद्र कुमार पटेल , लवकुश पटेल , सुभाष पटेल , संदीप पटेल संतोष सिंह , विजय यादव, दीपू , अंशु तिवारी , श्यामसुंदर पटेल , आनंद , साथ ही सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि की जयंती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय संचेतना समिति सोनभद्र की ओर से गुरुवार को नगर पालिका परिषद के निराला सभागार में महर्षि वाल्मीकि जयंती



पर ' रामायण की प्रासंगिकता ' विषय पर विद्वानों के विचार सावन की बरसात की भांति गरज चमक के साथ बरस रहे थे। वक्ताओं ने कहा अपने पुरुषार्थ एवं साधना से ज्ञान वैराग्य और अध्यात्म के अप्रतिम ऊंचाई को प्राप्त करने वाले,संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए अपनी सशक्त लेखनी से राम कथा को अमरत्व प्रदान करने वाले महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण के प्रसंग सदैव प्रासंगिक रहेंगे। राम भारत की कालजई मृत्युंजई संस्कृति के प्राण हैं। श्रीराम परात्पर ब्रह्म है। श्री राम के काल में प्रत्यक्ष अनुभव से वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना की । डॉ अनुज प्रताप सिंह को राष्ट्रीय संचेतना समिति के अध्यक्ष रमेश देव पाण्डेय , संयोजक जगदीश पंथी न ' ऋषि सम्मान 2024 ' प्रदान करते हुए उन्हें रामायण , यथार्थ गीता की प्रति , अंगवस्त्र , प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान किया। गोष्ठी को मुख्य अतिथि डॉ सुधाकर मिश्र , पूर्व प्राचार्य राजकीय पीजी कालेज ओबरा वरिष्ठ साहित्यकार पारसनाथ मिश्र , राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित डॉ ओमप्रकाश त्रिपाठी ने संबोधित किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार और मधुरिमा संगोष्ठी के निदेशक आकाश बंद है कविता संग्रह के रचनाकार अजय शेखर और संचालन पत्रकार प्राध्यापक भोलानाथ मिश्र ने किया। इससे पूर्व मां सरस्वती और महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर वैदिक मंत्रोचार के बीच माल्यार्पण किया गया । स्वागत भाषण करते हुए आयोजक जगदीश पंथी ने गोष्ठी का विषय प्रवर्तन किया। वाणी वंदना जाने माने कवि दिवाकर द्विवेदी मेघ विजयगढ़ी ने किया। द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ कवि शिवदास ओमप्रकाश श्रीवास्तव ईश्वर बिरागी प्रद्युम्न त्रिपाठी प्रभात सिंह चंदेल राकेश शरण मिश्रा प्रेम पावस धर्मेश चौहान कवित्री कौशल्या चौहान अनुपम वाणी कवि कमलनयन त्रिपाठी नजर मोहम्मद नजर अब्दुल हई दिवाकर मेघ लखन लाल जंगली अमरनाथ अजेय दयानंद दयालू समेत अन्य कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप सिंह दीपक ने किया।

# पॉक्सो एक्टः दोषी भगवान दास को 10 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।**साढ़े सात वर्ष पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र



न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी भगवान दास को 10 वर्ष की कैद एवं एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबट्र्सगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 22 अप्रैल 2017 को रॉबट्र्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 19 अप्रैल 2017 को दोपहर बाद दो बजे रॉबट्र्सगंज थाना क्षेत्र के घुवास गांव निवासी भगवान दास पुत्र राजकुमार उसकी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को घर पर छोड़ने के लिए कहकर बाइक पर बैठा लिया और उसे लेकर शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी साली के घर ले गया और चाकू दिखाकर बेटी के साथ जबरजस्ती बलात्कार किया। दूसरे दिन सुबह 10 बजे बेटी को जहां से ले गया था वहीं छोड़कर भाग गया। जब बेटी घर आयी तो रो रोकर अपनी माँ से सारी बात बताई। इस तहरीर पर पुलिस ने 22 अप्रैल 2017 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 6 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी भगवान दास को 10 वर्ष का कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# राधा रमण मिश्र पी0 जी0 कॉलेज में चलाया गया मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम अभियान सफल -रौनक गुप्ता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** तुलापुर सिकंदरा स्थित राधा रमण मिश्र पी0 जी0 कॉलेज में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति 5.0 योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रौनक गुप्ता डिविजनल हेड सिविल डिफेंस प्रयागराज ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को अतिथियों को संबोधित करते हुए बताया कि नारी सुरक्षा वह सम्मान अत्यंत आवश्यक है जिसके लिए भारत सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के अभिप्रेरणा से मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत उनके स्वावलंबन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं का नित्य ही संचालन का क्रियान्वयन कर रही है कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि के अतिरिक्त श्री सर्वजीत सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री नीली सा यादव सेंटर सखी वन स्टाफ सेंटर श्री रवि जी यूनिसेफ वह श्री रुचि मौर्य काउंसलर ने मिशन शक्ति योजना के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक श्री रविंद्र मिश्रा प्राचार्य डॉक्टर सूर्यनाथ यादव प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर आकांक्षा चतुर्वेदी तथा वैशाली सक्सेना उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन रोनी त चौरसिया और अरुण त्रिपाठी जी ने किया।



# एक डाकू भी बन सकता है वाल्मीकि :अजीत रावत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।**रावटसगंज नगर स्थित विवेकानंद प्रेक्षा गृह परिसर में गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती उनके चित्र



पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। वही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुसूचित मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता के नेतृत्व में चित्र पर माल अर्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि एक हिंदू धार्मिक त्योहार है, जो महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो एक प्रभावशाली हिंदू विद्वान और ऋषि थे, जिन्होंने हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण महाकाव्यों में से एक रामायण लिखी थी। वही वाल्मीकि जयंती को महर्षि वाल्मीकि की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो अब तक के सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय महाकाव्यों में से एक रामायण के रचयिता हैं। आदि कवि या संस्कृत भाषा के पहले कवि के रूप में प्रतिष्ठित, ऋषि नारद मुनि से मिलने और 'मरा' (मरना) शब्द का जाप करने के बाद, उन्होंने एक बड़ा परिवर्तन किया, जिसे कई बार दोहराने पर 'राम' बन गया, जो महान आध्यात्मिक महत्व वाला शब्द है और भगवान विष्णु के अवतारों में से एक का नाम है। महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर साल हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार अश्विन पूर्णिमा को मनाई जाती है। श्री रावत ने बताया कि वाल्मीकि का जन्म रत्नाकर के रूप में हुआ था और वह एक डाकू था जो लोगों को लूटता था और उन्हें मार डालता था। नारद मुनि से उनकी मुलाकात ने उनके जीवन को बदल दिया क्योंकि उन्होंने उन्हें राम शब्द का जाप करने की सलाह दी। हालांकि, रत्नाकर कई प्रयासों के बाद भी खुद को राम शब्द का जाप करने के लिए तैयार नहीं कर पाए, इसलिए नारद ने उन्हें 'मरा' कहने के लिए कहा, जो हिंदी में उल्टा राम है। इस मौके पर आलोक रावत,अभिषेक गुप्ता,अमन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# 125 लोगों ने दवा मिश्रित खीर का किया सेवन


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** विगत वर्षो की भाति इस वर्ष की श्री वैधनाथ आयुर्वेद भवन के सौजन्य से कानोडिया ऑषधालय पर दमा रोग निवारण हेतु निः शुल्क दवा मिश्रित खीर का वितरण ब्रहम मुर्हत मे प्रातः 4,-00 बजे से किया गया । कार्यक्रम मे काफी दूर दूर से लोग शामिल हुए । चोपन से आये हुए शुभम ने बताया कि में पिछले तीन साल से यह दवा ले रहा हूँ । इस खीर के सेवन से काफी आराम है। और इसके पहले मॅ इन्हेलर का यूज करता था जो इस समय बन्द है। कार्यकम में लगभग 125 लोगों ने दवा मिश्रित खीर का सेवन किया ? विजय कानोडिया ने बताया की शरद पूर्णिमा की रात्रि का हमारे सनातन धर्म मे काफी महत्व है। इस दिन चाद अपनी सोलह कलाओं से युक्त होता है जिससे उसका प्रकाश की किरणें जिन भी वनस्पतियों पर पड़ती है वह औषध अमृत के समान गुणकारी हो जाती है। इस रात्रि को दवा मिश्रित खीर बनाकर पूरी रात्रि चन्दमा की रोशनी मे रखी जाती है जिससे यह औषधी युक्त खीर अमृत के तरह गुणकारी हो जाती है। विगत कई वर्षों से यह व्यवस्था की जा रही है और लोगों को इससे लाभ भी मिल रहा है।


















भारत

## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टरों की हड़ताल को एफएआईएमए ने दिया समर्थन, देशभर के अस्पतालों में कल बाधित रहेंगी सेवाएं


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एफएआईएमए ने रविवार को पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों की हड़ताल के साथ एकजुटता दिखाई और सोमवार को देशभर के अस्पतालों में वैकल्पिक सेवाओं को बंद करने




का आह्वान किया। एफएआईएमए देशभर के रेजीडेंट डॉक्टरों के संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था है।अखिल भारतीय चिकित्सा महासंघ (एफएआईएमए) ने रविवार को पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों की हड़ताल के साथ एकजुटता दिखाई और सोमवार को देशभर के अस्पतालों में वैकल्पिक सेवाओं को बंद करने का आह्वान किया। एफएआईएमए देशभर के रेजीडेंट डॉक्टरों के संघों (आरडीए) का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था है। संगठन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह फैसला एफएआईएमए की शनिवार को हुई बैठक के बाद लिया गया। हालांकि, इस संगठन ने सभी रेजीडेंट डॉक्टरों के संघों से अनुरोध किया है कि वे आपातकाली सेवाओं को चौबीस घंटे चालू रखें। एफएआईएमए ने कहा कि वे पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़े हैं। एफएआईएमए ने एक खुले पत्र में कहा, विस्तृत चर्चा के बाद हमने सर्वसम्मति से फैसला लिया है कि अब राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होना जरूरी है।

### आंध्र प्रदेश में बनेगी नई मिसाइल परीक्षण रेंज, सुरक्षा कैबिनेट समिति ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
आंध्र प्रदेश। नई मिसाइल परीक्षण रेंज में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एंटी टैंक मिसाइल और डीआरडीओ के सामरिक मिसाइल सिस्टम का परीक्षण किया जाएगा। आंध्र



प्रदेश में नई मिसाइल परीक्षण रेंज बनाई जाएगी। भारत सरकार की सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। बताया जाता है कि नई रेंज आंध्र प्रदेश के नागयालंका क्षेत्र में बनाई जाएगी। इसके बाद देश में मिसाइलों के परीक्षण में तेजी आएगी। भारत को रक्षा क्षेत्र में मजबूत करने के लिए लगातार सरकार काम कर रही है। जहां एक ओर वैज्ञानिक नई-नई मिसाइल विकसित कर रहे हैं तो दूसरी ओर सरकार रक्षा क्षेत्र में नए प्रस्तावों पर मुहर लगा रही है। बताया जाता है कि नई मिसाइल परीक्षण रेंज में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एंटी टैंक मिसाइल और डीआरडीओ की सामरिक मिसाइल सिस्टम का परीक्षण किया जाएगा। इससे पहले सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने नौसेना, सेना और वायुसेना के लिए दो परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण और अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने की मंजूरी दी थी। इस बैठक में 80,000 करोड़ रुपये के प्रमुख सौदों को पारित किया गया था।

# वायु सेना कर्मी और उसका बेटा कामेंग नदी के तेज बहाव में बहे, तलाश जारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सलोनी बाड़ी स्थित वायु सेना कैंप में तैनात हवलदार वापी घोष गुरुवार शाम अपनी पत्नी



और बेटे के साथ घूमने के लिए भालुकपुंग गए थे। एक वायु सेना कर्मी और उनका 14 का बेटा कामेंग नदी के तेज बहाव में बह गए। दोनों को अब तक बचाया नहीं जा सका है। रक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक पिता-पुत्र की तलाश जारी है। बताया जाता है कि सलोनीबाड़ी स्थित वायु सेना कैंप में तैनात हवलदार बापी घोष गुरुवार शाम अपनी पत्नी और बेटे के साथ घूमने के लिए भालुकपुंग गए थे।यहां उनका बेटे का पैर फिसल गया और वह कामेंग नदी में गिर गया। बेटे को बचाने के लिए घोष भी नदी में कूद गए और दोनों पानी के तेज बहाव में बह गए। वायुसेना कर्मी की पत्नी की चीखें सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को घटना की जानकारी दी।एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों ने तलाशी अभियान चलाया लेकिन दोनों का पता नहीं चल सका है।

# पीएम मोदी अगले हफ्ते करेंगे रूस का दौरा, पुतिन ने दिया ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने का न्योता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रूस के कजान में आयोजित इस सम्मेलन में पीएम मोदी के अलावा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी हिस्सा लेंगे। लगभग एक साल बाद पहली बार ऐसा होगा कि पीएम मोदी और जिनपिंग एक साथ एक मंच पर होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22-23 अक्तूबर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए रूस का दौरा करेंगे। बता दें कि इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस के कजान में किया जा रहा है। इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ब्रिक्स सदस्यीय देशों के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। पीएम मोदी इससे पहले जुलाई में भी रूस का दौरा कर चुके हैं। आठ जुलाई को पीएम मोदी ने रूस का दौरा किया था। वह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन को आयोजित करने के लिए रूस पहुंचे थे। इस दौरान पीएम मोदी ने पुतिन के साथ वार्ता की, जिसके दौरान व्यापार और रक्षा सौदों सहित



द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। अपनी इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से भी सम्मानित किया गया था। इसके अलावा पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी चर्चा हुई। बता दें कि फरवरी 2022 में मास्को की तरफ से यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली रूस यात्रा थी।

# झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले मधु कोड़ा को झटका, कोर्ट ने खारिज की सजा पर रोक लगाने की याचिका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने सजा पर



रोक लगाने की मांग करने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कोयला घोटाला मामले में अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। कोड़ा ने कोर्ट से अपनी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की मांग इसलिए की थी, ताकि वह आगामी विधानसभा चुनाव में हिस्सा ले सकें। जस्टिस विभू बाखरू की एकल न्यायाधीश पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा, अपीलकर्ता को किसी भी सार्वजनिक पद पर चुनाव लड़ने की सुविधा देना उचित नहीं होगा, जब तक कि वह पूरी तरह बरी न हो जाए। मधु कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव एच.सी.गुप्ता, झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव ए.के.बसु और कोड़ा के सहयोगी विजय जोशी को निचली अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई थी। उन्हें कोलकाता स्थित कंपनी विनी आयरन एंड स्टील इंडस्ट्री लिमिटेड (वीआईएसयूएल) को राज्य में राजहरा नॉर्थ कोल ब्लॉक के आवंटन में भ्रष्ट आचरण और आपराधिक साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था। कोर्ट ने यूपीए काल के कोयला घोटाला मामले में वीआईएसयूएल पर 50 लाख रुपये, कोड़ा पर 25 लाख रुपये और गुप्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। बसु पर भी एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। दोषियों को उनकी अपील लंबित रहने के दौरान जमानत दी गई थी।

# केंद्र ने राष्ट्रपति शासन हटाने का एलान किया, नए सीएम की नियुक्ति पर बदलेगा निजामए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटाने का फैसला लिया है। हाल ही में 10 साल बाद कराए गए विधानसभा चुनाव के नतीजों की



घोषणा के बाद नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हुआ है। मुख्यमंत्री के शपथ से पहले गृह मंत्रालय ने राज्य के लिए लागू आदेश को निष्प्रभावी करने की घोषणा की।केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटाने की घोषणा की। इस फैसले के बाद प्रदेश में नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। रविवार देर रात गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के संबंध में 31 अक्टूबर, 2019 को जारी आदेश तुरंत निरस्त हो जाएगा। बयान के मुताबिक जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 के तहत मुख्यमंत्री की नियुक्ति से पहले ही नए नियम प्रभावी हो जाएंगे।बता दें कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी नेशनल कॉन्फ्रेंस (ण्) और सहयोगी पार्टियां मिलकर सरकार बना रही हैं। उन्होंने उपराज्यपाल के पास जाकर विधायकों के समर्थन का पत्र सौंप दिया है। राजभवन की तरफ से उन्हें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# महाराष्ट्र में नहीं बनने देंगे शिंदे और फडणवीस की सरकार, एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का बड़ा दावा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** झारखंड को लेकर ओवैसी बोले कि हमारी पार्टी ने आदिल हसन और रियाज उल हसन इफेन्डी को झारखंड भेजा है। वे वहां जाएंगे और देखेंगे कि हमें चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं।महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर छ्यछ्य प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में शिंदे और फडणवीस की सरकार नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारे पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने नाना पटोले और शरद पवार को पत्र लिखा है। अब उनको सीटों को लेकर फैसला करना है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी पहले से मजबूत राजनीतिक उपस्थिति है। इसलिए हम चुनाव जरूर लड़ेंगे। महाराष्ट्र के लिए हमने पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है। हमारे पास पहले से ही महाराष्ट्र में दो विधायक हैं। हमने चुनाव को लेकर मराठा आरक्षण कार्यकर्ता जारांगे पाटिल से भी बात की। अब उन्हें फैसला करना है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को हरियाणा चुनाव आसानी से जीतना चाहिए था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। उन्हें आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।वहीं



झारखंड को लेकर ओवैसी बोले कि हमारी पार्टी ने आदिल हसन और रियाज उल हसन इफेन्डी को झारखंड भेजा है। वे वहां जाएंगे और देखेंगे कि हमें क्या करना चाहिए और कितनी सीटें लानी चाहिए। हमें चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं। अख्तरुल ईमान देखेंगे कि हमें बिहार उपचुनाव लड़ना चाहिए या नहीं। उत्तर प्रदेश उपचुनाव को लेकर ओवैसी ने कहा कि हम यहां डॉ. पल्लवी पटेल और अपना दल, कमेरावादी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। हम दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। वहीं बहराइच मुठभेड़ को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह यूपी के सीएम की पिछले कुछ सालों से चली आ रही ठोक दो नीति का उदाहरण है। हम बीजेपी और पीएम मोदी से कई बार कह चुके हैं कि यूपी के सीएम की ठोक दो की नीति संविधान के खिलाफ है। उत्तर प्रदेश को संविधान और कानून के शासन से चलना चाहिए, बंदूक के शासन से नहीं। यदि आप कुछ गलत करते हैं, तो वह जारी रहेगा। कोई दूसरा करेगा तो वह बलत है। पुलिस को आरोपी को गिरफ्तार दिखाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। घटनास्थल से 70 किमी दूर किसने हथियार छिपाया मुठभेड़ का वीडियो ओटीटी की फिल्म जैसा लग रहा था। इंस्पेक्टर को नेटफ्लिक्स में जाना चाहिए। वहां उनको अच्छा भुगतान मिलेगा।

# कुछ खतरनाक ताकतें भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रहीं', उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दी चेतावनी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह



में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि देश का बंटवारा, आपात काल और 1984 के सिख दंगे कुछ ऐसी घटनाएं हैं जो स्वतंत्रता की नाजुकता की याद दिलाती हैं। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कुछ खतरनाक ताकतें भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। वे भारत का खराब रंग सबको दिखाना चाहती हैं। ऐसे प्रयासों को बेअसर करने के लिए जवाबी हमला जरूरी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि इन खतरनाक ताकतों को मानवाधिकार पर उपदेश और व्याख्यान देना तक पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि देश का बंटवारा, आपात काल और 1984 के सिख दंगे कुछ ऐसी घटनाएं हैं जो स्वतंत्रता की नाजुकता की याद दिलाती हैं। धनखड़ ने कहा कि कुछ खतरनाक ताकतें हैं, जो गलत तरीके से हमें कलंकित करना चाहती हैं। इन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिये हमारे मानवाधिकार रिकॉर्ड पर सवाल उठाने के लिए भी योजना बनाकर रखी है। ऐसी ताकतों को बेअसर करने की जरूरत है। यह भारत में फिट होने के लिए जवाबी हमले और प्रतिघात करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी ताकतों ने सूचकांकों और रैंक के जरिये दुनिया को भारत का खराब रंग दिखाने की कोशिश की है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भारत सरकार ने कोविड महामारी के दौरान 80 करोड़ लोगों को जाति और पंथ की परवाह किए बिना राशन मुहैया कराया, लेकिन फिर भी भूख सूचकांक में भारत की रैंकिंग खराब दिखाई गई।

# सीट बंटवारे में देरी पर संजय राउत निराश, कहा- राज्य कांग्रेस के नेता नहीं ले पा रहे फैसला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** संजय राउत ने कहा कि मैंने कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल और मुकुल वासनिक से बात की है। मैं राहुल गांधी से भी बात करूंगा। उनसे कहूंगा कि सीट बंटवारे के संबंध में लंबित निर्णय में तेजी लाई जाए। शिवसेना उद्धव के सांसद संजय राउत ने महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे को लेकर हो रही देरी पर निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि



सभी सीटों पर बात हो गई है। कुछ सीटें ऐसी हैं, जिन पर राज्य कांग्रेस के नेता फैसला नहीं ले पा रहे हैं। संजय राउत ने कहा कि मैंने सुबह कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल और मुकुल वासनिक से बात की है। आज मैं राहुल गांधी से भी बात करूंगा। उनसे कहूंगा कि सीट बंटवारे के संबंध में लंबित निर्णय में तेजी लाई जाए। कई सीटों पर फैसले हो चुके हैं। महाराष्ट्र के कुछ नेता फैसले लेने में सक्षम नहीं हैं।

# जेडीएस नेता भवानी रेवन्ना को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत, अग्रिम जमानत रद्द करने से इनकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेडीएस नेता भवानी रेवन्ना को बड़ी राहत देते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को बरकार रखा। हाईकोर्ट ने भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत दी थी, जिसके खिलाफ कर्नाटक एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जेडीएस नेता की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है और भवानी रेवन्ना को दी गई अग्रिम जमानत में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।




भवानी रेवन्ना जेडीएस नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां हैं। प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप हैं। प्रज्वल पर ये भी आरोप हैं कि वे महिलाओं का यौन शौषण करते वक्त खुद ही वीडियो रिकॉर्ड करते थे और बाद में रिकॉर्डिंग दिखाकर महिलाओं को ब्लैकमेल कर बार-बार उनका शोषण करते थे। प्रज्वल रेवन्ना की ये वीडियो अप्रैल में सार्वजनिक हो गईं, जिसके बाद कर्नाटक की राजनीति में भूचाल आ गया था। वीडियो वायरल होने के बाद प्रज्वल विदेश चले गए थे, लेकिन बाद में विदेश से लौटने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। भवानी रेवन्ना पर प्रज्वल रेवन्ना के शोषण का शिकार हुई एक महिला का अपहरण करने और उसे प्रताड़ित करने का आरोप है। इसी मामले में हाईकोर्ट ने भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी, जिसमें केंद्र को भारत में ओवर-द-टॉप (ओटीटी) और अन्य प्लेटफॉर्म पर कंटेंट की निगरानी करने तथा वीडियो को विनियमित करने के लिए एक स्वायत्त निकाय स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि ये नीतिगत मामले हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस तरह के मुद्दे कार्यपालिका के नीति निर्माण क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं और इसके लिए विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श की आवश्यकता होती है जनहित याचिका में नेटफ्लिक्स की सीरीज 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' का भी हवाला दिया गया, क्योंकि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने दावा किया है कि यह वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि एक वैधानिक फिल्म प्रमाणन निकाय - केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) मौजूद है, जिसे सिनेमैटोग्राफ अधिनियम के तहत फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन को विनियमित करने का काम सौंपा गया है। जनहित याचिका में कहा गया है, 'हालांकि, ओटीटी सामग्री की निगरानी/विनियमन के लिए ऐसा कोई निकाय उपलब्ध नहीं है और वे केवल स्व-नियमन से बंधे हैं, जिन्हें ठीक से संकलित नहीं किया गया है और विवादास्पद सामग्री को बिना किसी जांच और संतुलन के बड़े पैमाने पर जनता को दिखाया जाता है।'सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल की याचिका पर सुनवाई 25 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। व्यवसायी ढल ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। ढल ने हाईकोर्ट के 4 जून के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसमें उन्हें मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले को तब स्थगित कर दिया, जब सीबीआई ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। इस मामले के सिलसिले में पिछले साल अप्रैल में सीबीआई ने अमनदीप ढल को गिरफ्तार किया था।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मऊ विधायक अब्बास अंसारी को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि साक्ष्यों को देखने से पता चलता है कि दो फर्मों मैसर्स विकास कंस्ट्रक्शन और मैसर्स आगाज से अब्बास अंसारी के खातों में पैसा आया और मनी ट्रेल में भी अंसारी की संलिप्तता है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मऊ विधायक अब्बास अंसारी को बड़ी राहत देते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी। अब्बास अंसारी पूर्व गैंगस्टर और राजनेता रहे मुख्तार अंसारी के बेटे हैं। मुख्तार अंसारी की कुछ माह पहले जेल में मौत हो गई थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने अंसारी को जमानत देने का आदेश दिया। अब्बास अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब्बास अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा था। ईडी के जवाब के बाद सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अब्बास अंसारी को जमानत देने का आदेश दिया। हालांकि एक अन्य मामले में आरोपी होने के चलते अब्बास अंसारी की जेल से रिहाई नहीं हो सकेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीती 9 मई को अब्बास अंसारी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि साक्ष्यों को देखने से पता चलता है कि दो फर्मों मैसर्स विकास कंस्ट्रक्शन और मैसर्स आगाज से अब्बास अंसारी के खातों में पैसा आया और मनी ट्रेल में भी अंसारी की संलिप्तता है।

# खरगे के बेटे ने कर्नाटक सरकार को लौटाई जमीन, ट्रस्ट के लिए बेंगलूरू में आवंटित हुआ था प्लॉट


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे के छोटे बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने अपने 'एक्स' हैंडल



पर पत्र की स्कैन की गई प्रतियों के साथ जानकारी साझा की है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे और सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल एम खरगे ने बेंगलूरू में नागरिक सुविधा स्थल के लिए पांच एकड़ जमीन आवंटन के अपने अनुरोध को वापस ले लिया है। राहुल खरगे का यह फैसला मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती द्वारा मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण को 14 साइटों को वापस करने के बाद आया है। बता दें कि, इस मामले में लोकायुक्त पुलिस ने सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और साले के खिलाफ मामला दर्ज किया था।भाजपा के आईटी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में साइट के आवंटन पर सवाल उठाए थे और इसे 'सत्ता का दुरुपयोग, भाई-भतीजावाद बताया था। भाजपा के राज्यसभा सदस्य लहर सिंह सिरोया ने भी 'एक्स' पर इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा, खड़गे परिवार एयरोस्पेस उद्यमी कब बन गया कि उसे केआईएडीबी की जमीन मिल जाए? क्या यह सत्ता के दुरुपयोग, भाई-भतीजावाद नहीं है? बता दें कि, ट्रस्ट ने 12 फरवरी, 2024 को केआईएडीबी को अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया था और एक महीने बाद प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई थी। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे के छोटे बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पत्र की स्कैन की गई प्रतियों के साथ जानकारी साझा की है। 20 सितंबर को कर्नाटक औद्योगिक विकास बोर्ड (केआईएडीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को लिखे पत्र में राहुल खड़गे ने लिखा, मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर और एक शोध केंद्र स्थापित करने के लिए सिविक एमेनिटी साइट के लिए हमारे अनुरोध को वापस लिया गया है।उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट का उद्देश्य छात्रों और बेरोजगार युवाओं के लिए प्रौद्योगिकियों में कौशल विकास के माध्यम से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करना है।

# मिर्ज़ापुर सोनभद्र





## आरएसएस ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** |राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सोनभद्र नगर ने नगर स्थित रामलीला मैदान में शरद पूर्णिमा सकारात्मक परिणाम देने वाली होती है। चंद्रमा जब अपनी 16 कलाओं के संग अवतरित होते हैं शरद पूर्णिमा की रात आकाश से प्रतियोगिता, गीत अमृत बचन आदि हुआ। इस मौके पर नगर संघचालक सुरेश,जिला प्रचारक राहुल,सह जिला कार्यवाह राम



उत्सव मनाया। सह जिला कार्यवाह रामलगन ने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू पंचांग में आश्विन मास की पूर्णिमा का खास महत्व है। हिन्दू समाज वर्षों से इस दिन शरद पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाता आ रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूरे वर्ष में केवल इसी दिन चन्द्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है और अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण रहता है। पृथ्वी पर शीतलता, पोषक, शक्ति एवं शांति रूपी अमृत वर्षा करता है। चन्द्रमा की किरणें विशेष अमृतमयी गुणों से युक्त रहती है, जो कई बीमारियों का नाश करती है। वैज्ञानिक भी मानते है कि शरद पूर्णिमा की रात स्वास्थ्य व अमृत वर्षा करते हैं। इसी तरह जब हमारा हिंदू समाज अपने सभी जाति वर्गो के साथ एकजुट होगा तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। भारत माता परम वैभव के शिखर पर विराजमान होंगी। सशक्त व संगठित हिंदू ही भारत को विश्व गुरु बना पाने में सक्षम होगा और संपूर्ण विश्व में भारतीय वांग्मय की अमृत वर्षा होगी। इसी उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक प्रति वर्ष शरद पूर्णिमा उत्सव मनाते हैं और जाति-वर्ग का भेद भुलाकर इस अप्रतिम रात्रि को साथ-साथ अमृत समान खीर का सहभोज करते हैं। कार्यक्रम में अंताक्षरी लगन, जिला व्यवस्था प्रमुख कीर्तन,जिला प्रचार प्रमुख नीरज ,नगर कार्यवाह सह नगर कार्यवाह बृजानंद जिला सेवा प्रमुख नीरज, जिला महाविद्यालयीन विद्यार्थी प्रमुख रणजीत,नगर व्यवस्था प्रमुख संगम, नगर प्रचार प्रमुख कृष्ण प्रताप,नगर बौद्धिक प्रमुख कृष्ण कुमार,सह नगर व्यवस्था प्रमुख जे0बी सिंह,नगर संपर्क प्रमुख अनिल,सह नगर प्रचार प्रमुख आशीष, आशुतोष, शशांक शेखर कात्यायन,कृष्ण मुरारी गुप्ता,बलराम सोनी,राज नारायण आदि बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद थे।

## छात्र-छात्राओं की आवाज बनेगा राष्ट्रीय छात्र संगठन - अंशु

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को राष्ट्रीय छात्र संगठन(ऽ.ए.ळ.घ.) सोनभद्र के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता द्वारा राबट्र्सगंज स्थित पीडब्ल्यूडी डागबंगला में एक प्रेस वार्ता किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता ने कहा कि जनपद सोनभद्र के अंदर छात्र-छात्राओं का बहुत उत्पीड़न हो रहा है ,स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटरों की मनमाना फीस वृद्धि से अभिभावक त्रस्त है । गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा नहीं मिल पा रही है जिसका कारण यह हो रहा है कि कई छात्र-छात्राएं पढ़ाई छोड़ने पर भी विवस है ।कांग्रेस पार्टी द्वारा शिक्षा के अधिकार(ऊ) के तहत एक व्यवस्था बनाई गई थी कि गरीब छात्र-छात्राओं को भी अच्छे स्कूलों में शिक्षा मिल सके, लेकिन अगर देखा जाए तो जनपद में तमाम ऐसे स्कूल/ विद्यालय हैं जहां पर गरीब छात्र-छात्राओं के मुक्त शिक्षा को लेकर खिलवाड़ किया जा रहा है हम मांग करते हैं कि ँ.ए्ँ./ ऊ.घ्.ध्.ए. के द्वारा स्कूलों/ विद्यालयों से उनके यहां मुफ्त शिक्षा में छात्र-छात्राओं की सूची मांग कर उन विद्यालयों का सही मापन देखा जाए। जिससे यह भी पता चल जाएगा कि जो बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं उनकी व्यवस्था कराई जा सके। राष्ट्रीय छात्र संगठन शुरू से ही छात्राओं/ नौजवानों की आवाज रहा है और आगे भी सभी के सहयोग से उनके हक की लड़ाई लड़ने का काम करेगा । प्रेस कॉन्फ्रेंस उपस्थित कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ ने कहा कि संगठन में सभी का महत्व होता है संगठन सब के सहयोग से चलता है और कांग्रेस में एनएसयूआई प्राथमिक संगठन है यहीं से निकलकर बड़ी संख्या में नेता बनते हैं अंशु गुप्ता जी के आने के बाद हम उम्मीद करते हैं कि जनपद सोनभद्र ऽ.ए.ळ.घ. अपना एक मुकाम हासिल करेगी । मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु), मनोज मिश्रा ,श्रीकांत मिश्रा, सूरज वर्मा, दयाराम प्रजापति, सुनील राम, चंद्रमणि ,दिनेश तिवारी,राज चौबे, सनी गुप्ता, संदीप मद्धेशिया, मोहित प्रजापति ,सुनील ,आशीष पटेल ,सत्यम पुरी, शिवांशु गोस्वामी, राहुल मद्धेशिया, आशीष,कौशल भारती के साथ दर्जनों छात्र उपस्थित रहे ।



## आदिवासियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: रमाशंकर सिंह पोया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** गोड़वाना गणतंत्र पार्टी( गोंगपा) कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक वृहस्पतिवार को नगवां ब्लाक अंतर्गत मड़कुड़ी टोला घोराघर गांव में हुई। जिसमें अधिक से अधिक अन्य लोगों से संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाएं। जो फैक्ट्री स्थापित की जा रही है अगर आदिवासियों को उजाड़ने की कोशिश की जाएगी तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जएगा। इसके लिए सभी



सदस्य बनाए जाने,फैक्ट्री स्थापित कर आदिवासियों को उजाड़ने की आशंका समेत विभिनन्न समस्याओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक रणनीति बनाई गई। मुख्य अतिथि गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रमाशंकर सिंह पोया ने कहा कि आदिवासियों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए चाहे जितना संघर्ष क्यों न करना पड़े किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती का प्रमुख आधार संख्या बल होता है। जिसके जितने अधिक सदस्य होंगे वह पार्टी उतनी ही मजबूत होगी। इसलिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि गोड़वाना गणतंत्र पार्टी युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम बिहारी मरकाम ने कहा कि गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ही आदिवासी समाज की सच्ची हितैषी है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की रक्षा के लिए गोंगपा कार्यकर्ता संकल्पित हैं। विशिष्ट अतिथि गोंगपा के जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया ने कहा कि गोंगपा कार्यकर्ता अपनी सदस्यता लें और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार ने कहा कि जल, जंगल और जमीन के लिए आदिवासी समाज को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। इसके अलावा न्याय दिलाने के लिए कोर्ट कचहरी में भी आदिवासियों की हर संभव मदद की जाएगी। बैठक में सर्वप्रथम आदिवासियों ने एकदूसरे का अभिवादन किया और हल्दी, चावल का तिलक लगाकर अधिक से अधिक सदस्य बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष राम कुमार सिंह मरकाम तथा संचालन विधानसभा अध्यक्ष हीरालाल मरकाम ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से श्यामलाल मरकाम, राकेश मरकाम, राम प्रकाश कमरो,जमुना सिंह मरकाम,सूर्यबली सिंह मरपची, रामबचन कमरो, रामदुलारे आयम,रामजीत उरेती, फुलबासी कमरो, अनीता देवी, सविता देवी, सोमरी देवी, समुंद्री देवी, फूलवंती देवी आदि मौजूद रही।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में स्पर्श दर्शन शुरू, बदलेगी जलधरी की डिजाइन; गर्भगृह में एक-एक को मिलेगा प्रवेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम के गर्भगृह में भीड़ बेकाबू होने पर श्रद्धालु के अरघे में गिरने के बाद स्पर्श दर्शन में की व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं। अब स्पर्श दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को एक-एक करके गर्भगृह में प्रवेश दिया जाएगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पांच दिनों के बाद स्पर्श दर्शन शुरू हो गया। सख्त नियमों के साथ ही दर्शन की व्यवस्था को शुरू किया गया है। स्पर्श दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को एक-एक करके गर्भगृह में प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मियों की हर दो घंटे पर ड्यूटी बदलेगी।मंदिर प्रशासन ने दर्शन पूजन की व्यवस्थाओं में कई बदलाव किए हैं। गर्भगृह में दर्शन पूजन के दौरान अब नियमित रूप से डेढ़ फीट का अरघा लगाकर ही आम श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही झांकी दर्शन के दौरान लगने वाली जलधरी की डिजाइन में भी बदलाव किया जा रहा है। अब मंदिर में स्थायी जलधरी लगाई जाएगी ताकि उसे बार-बार निकालने और लगाने की जरूरत नहीं होगी।

## मिशन शक्ति के विशेष अभियान ( फेज-05 ) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं / बालिकाओं को सोनभद्र पुलिस द्वारा किया जागरुक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस



द्वारा गावों में जन चौपाल लगाकर व स्कूल/कॉलेजों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं एवं छात्राओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण महिलाओं/बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिनन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिनन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है ।

## अधिकताओं के महासम्मेलन को पूर्ण समर्थन-राकेश शरण मिश्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** विगत दिनों अधिकताओं के मौलिक अधिकारों के विरोध में उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के विरोध में प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में भयंकर आक्रोश व्याप्त है जिसको लेकर मेरठ बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ताओं का महासम्मेलन आज 18 अक्टूबर को मेरठ बार एसोसिएशन के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित किया गया और सम्मेलन में अधिकताओं के हितों को लेकर प्रदेश भर के जिला बार एसोसिएशन एवम तहसीलदार बार एसोसिएशन के आमंत्रित अध्यक्ष और मंत्री सहित प्रदेश भर के अधिकता संघों के पदाधिकारीयो ने पहुंच कर सम्मेलन में अपना पूर्ण विश्वास जताते हुए सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मुद्दे पर संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने बयान जारी करते हुए अधिवक्ताओं के महासम्मेलन का पूर्ण समर्थन करने का ऐलान किया हैं। उन्होंने कहा है कि संयुक्त महासंघ लगातार अधिवक्ता हितों के लिए संघर्ष करता रहा है आगे भी करता रहेगा। और अधिवक्ता हितों के लिए आगे जब भी कोई आंदोलन होगा उसका पूर्ण समर्थन संयुक्त अधिवक्ता महासंघ करता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों पर कुठाराघात किया जा रहा है जबकि अधिकताओं को जो मूलभूत सुख सुविधा बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से और सरकार से मिलनी चाहिए वह ना तो बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश से मिल रही है और ना ही प्रदेश सरकार द्वारा ही मिल रही है। श्री मिश्र ने कहा है कि अधिवक्ता स्वयं की मेहनत के बल पर अपने पास आए हुए मुवक्किलो का काम करके जो फीस पाता है उसी से अपने घर परिवार का गुजारा करता है।उसे ना तो मेडिकल की कोई सुविधा मिलती है और ना ही वकालत छोड़ने पर या वृद्ध होने पर सरकार या बार काउंसिल द्वारा कोई पेंशन ही मिलता है उन्होंने मांग किया की प्रदेश सरकार को अधिकताओं के तमाम मांगों को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेकर के अधिकता सुरक्षा अधिनियम सहित अन्य सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का काम करना चाहिए क्योंकि अधिकताओं ने आजादी की लड़ाई से लेकर के आज तक देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है उसके बाद भी जब किसी अधिवक्ता के ऊपर किसी प्रकार का कोई संकट आता है तो उसका कोई साथ नहीं देता है। इसलिए प्रदेश सरकार से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द अधिवक्ताओं की सभी लंबित मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का काम करे अन्यथा आने वाले दिनों में प्रदेश व्यापी आंदोलन को रोकना सरकार के लिए मुश्किल काम होगा।



## 22 को लखनऊ में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को यू पी रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के पदाधिकारियों ने अपनी विभिनन्न मांगों को लेकर शिष्टमंडल द्वारा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सोनभद्र को प्रबंधक निदेशक के नाम का ज्ञापन दिया गया ज्ञापन दिया गया वही यूनियन परिचालक संघर्ष यूनियन के बैनर तले धरना प्रदर्शन में शामिल सोनभद्र डिपो के समस्त संविदा चालक परिचालक 21 अक्टूबर को शाम को लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे जब तक मांग पूरी नहीं की जाती है संविदा को रेगुलर आउटसोर्सिंग बंद करो जैसे बहुत



अध्यक्ष अध्यक्ष अरविंद कुमार, शाखा मंत्री दिनेश पाल ने बताया कि सोनभद्र डिपो उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम सोनभद्र डिपो के समस्त संविदा चालक परिचालक आगामी 22 अक्टूबर को लखनऊ परिवहन निगम मुख्यालय पर एक दिन का विभिनन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन सुनिश्चित किया गया है प्रांतीय महामंत्री कन्हैया लाल पांडे के नेतृत्व में संविदा चालक से निणन्य लेने के लिए कर्मचारी लाम बंद होकर लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे दिनेश पाल महामंत्री संविदा संघर्ष समिति सोनभद्र डिपो ने बताया कि यात्रियों के लिए बसे रोडवेज में संचालित रहेगी ।इस दौरान शशिभूषण सिंह हीरा प्रसाद मनीष अभिषेक सिंह अनील शर्मा शेषनाथ समसेर सिंह अवधेश सिंह मनोज सिंह सुशील पाल उपस्थित रहे ।

## चोरी कि बाइक सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस की मिली बड़ी सफलता, पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, चेकिंग के दौरान कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 अदद स्मार्टफोन एवं अभियुक्त के निशानदेही पर झाडि़यों में छिपाकर रखे 01 अदद मोटरसाइकिल को किया बरामद-अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन एंव क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण व कुशल निर्देशन में दिनांक 17.10.2024 को थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा ग्राम सोढ़ा (बरकोनिया) पटना मऊकला मार्ग पटन मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी कि इस दौरान समय लगभग 18.30 बजे एक व्यक्ति धर्मेन्द्र भारती पुत्र पप्पु निवासी ग्राम उरमौरा, थाना रॉबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र को चेक किया गया तो चोरी की मोटरसाइकिल संख्या ळड्ड65ँल1865 एवं जामातलाशी में 01 अदद मोबाइल पोको 5 जी कब्जे से बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया । उपरोक्त बरामद वाहन/मोबाइल मु0अ0सं0-778/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस 2023 थाना रॉबट्र्सगंज जनपद सोनभद्र व मु0अ0सं0 61/2024 धारा 331(4), 305 बी.एन.एस 2023 थाना रामपुर बरकोनिया से सम्बन्धित है । **पूछताछ का विवरण-** पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ की तो बताया कि दिनांक 14/15.10.2024 की रात्रि में मै और मेरा साथी राहुल बियार पुत्र गौतम बियार निवासी ग्राम उरमौरा थाना रॉबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र मिलकर ग्राम करवनिया में सड़क किनारे स्थित एक घर मे घुसकर दो मोबाईल स्मार्टफोन व करीब 4000 रुपये चुराये उसके पश्चात कुछ दूरी पर स्थित घर के सामने खड़ी मोटरसाईकिल UP 64 E 0525 हीरो होण्डा स्पेलण्डर प्लुस चुरा कर घर जा रहे थे कि नई बाजार पेट्रोल पम्प से आगे गाड़ी मे पेट्रोल खत्म हो जाने के कारण वही सड़क से कुछ दूरी पर झाडि़यो की आड़ मे छिपा दिये तथा फिर वहा से आगे एक मकान के सामने खड़ी मोटरसाईकिल UP 65 BJ 1865 चोरी करके हम दोनो घर चले गये तथा उक्त मोटरसाईकिल का नम्बर प्लेट निकालकर दूसरा नम्बर प्लेट लगा दिया जिस पर नम्बर UP 64 D 9657 लिखाकर लगा दिया जिससे कोई पहचान न सके । दिनांक 14/15.10.2024 रात्रि में ग्राम करवनिया, थाना रामपुर बरकोनिया, सोनभद्र से चोरी की गयी मोटरसाईकिल ळड्ड 64 ष्0525 हीरो होण्डा स्पेलण्डर प्लुस के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 60/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस 2023 थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र पंजीकृत है । चोरी की मोटरसाईकिल 0525 को थाना रॉबट्र्सगंज अन्तर्गत ग्राम मरकरी (कुसुम्हा रोड के पास झडियो) से अभियुक्त के निशादेही पर बरामद किया गया । **गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के नाम पता -** 1.धर्मेन्द्र भारती पुत्र पप्पु निवासी ग्राम उरमौरा, थाना रॉबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 19 वर्ष **वांछित अभियुक्त -** 1.राहुल बियार पुत्र गौतम बियार निवासी ग्राम उरमौरा थाना रावर्टसगंज जनपद सोनभद्र । **बरामदगी का विवरण-** 1.एक अदद मोटरसाईकिल संख्य 64 E 0525 हिरो होण्डा स्पेलण्डर प्लुस । 2.एक अदद मोटरसाईकिल संख्या- हीरो एच.एफ डिलक्स । 3.एक अदद स्मार्टफोन मोबाईल । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1.प्र0नि0 मनोज कुमार, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र । 2.उ0नि0 शिवकुमार पाण्डेय थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र । 3.हे0का0 हरिनारायण यादव, हे0का0 मनोज कुमार सिंह, हे0का0 अनिल कुमार सिंह, हे0का0 अजीत कुमा मौर्य, का0 मुनेन्द्र कुमार सिंह, का0 मनोज कुमार यादव, थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र।

## थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस द्वारा अवैध तरीके से वाहनो के फर्जी प्रपत्र बनाकर पास कराने वाले खनन/परिवहन करने में संलिप्त 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** थाना रा0गंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 653/24 धारा 61(2)ख, 318(4),319(2), 336(3),338, 340(2), 303(2), 317(2) भारतीय न्याय संहिता व 3(1)/58/72(6) उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली, 4/21 खान व खनिज अधि0 व 3 सार्वजनिक सम्पति क्षति निवारण अधिनियमन 1984, थाना रावर्टसगंज, जनपद सोनभद्र, में लगातार फरार चल रहे वांछित अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र रामखेलावन निवासी चोपन रोड ओबरा सोनभद्र के विरुद्ध गैर जमानती वारण्ट के उपरान्त भी मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नही हो रहा था । जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के विशेष निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण मे वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रेह अभियान के तहत आज दिनांक 18.10.2024 को रा0गंज पुलिस द्वारा अथक परिश्रम से फरार/वांछित अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र रामखेलावन निवासी चोपन रोड ओबरा सोनभद्र उम्र 44 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** संतोष कुमार पुत्र रामखेलावन निवासी चोपन रोड ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 44 वर्ष। **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 कमल नयन दूबे, चौकी प्रभारी कस्बा थाना रा0गंज सोनभद्र । 2. का0 लवकुश खरवार चौकी कस्बा थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र ।



# स्पोर्ट्स



# ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंची, भारत को करनी होगी न्यूजीलैंड की हार की दुआ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस मैच से पहले भारत का नेट रनरेट ₹0.576 था। अब यह ₹0.322 ही रह गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया आठ अंक और ₹2.223 के नेट रनरेट के साथ अंक तालिका शारजाह में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। भारत को ऑस्ट्रेलिया के नेट रनरेट एक-एक सफलता हासिल की।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। बेथ मूनी 17 रन के स्कोर पर अपना विकेट फेंककर चली गईं। उन्हें रेणुका ने शिकार



में शीर्ष पर है। तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड की टीम है जिनका नेट रनरेट ₹0.282 है ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार को भारत के खिलाफ नौ रनों से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। ग्रुप ए से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह पहली टीम बन गई। वहीं, इस हार ने भारत की राह मुश्किल कर दी है। अब उन्हें न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान मैच पर निर्भर रहना होगा। यह मुकाबला सोमवार को खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारत का नेट रनरेट ₹0.576 था। अब यह ₹0.322 ही रह गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया आठ अंक और ₹2.223 के नेट रनरेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड की टीम है जिनका नेट रनरेट ₹0.282 है। अगर अपने चौथे मैच में उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ बड़े अंतर से जीत मिलती है तो कीवी टीम दूसरे पायदान पर पहुंच जाएगी और बेहतर नेट रनरेट के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगी। इस स्थिति में भारत को पाकिस्तान की जीत की दुआ करनी होगी। से आगे निकलने के लिए 10.2 ओवर या उससे पहले लक्ष्य का पीछा करना था। वहीं, हारने पर भारत को यह सुनिश्चित करना था कि उनका स्कोर 139 रन से ज्यादा हो वरना उनका नेट रनरेट न्यूजीलैंड से कम हो सकता था।कप्तान हरमनप्रीत कौर की अर्धशतकीय पारी काम नहीं आई। भारत को अंतिम ओवर में 14 रन की जरूरत थी। हरमनप्रीत विकेट पर थीं, लेकिन सदरलैंड के ओवर में भारत ने चार विकेट खोकर मैच गंवा दिया। ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 151 रन के जवाब में भारत ने नौ विकेट पर 142 रन बनाए। हरमनप्रीत 47 गेंद में छह चौकों की मदद से 54 रन पर नाबाद रहीं। उन्होंने चौथे विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (29) के साथ 55 गेंद में 63 रन की साझेदारी की। 18वें ओवर में 12 और 19वें ओवर में 14 रन बने तो लगा जीत मिलने जा रही है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 32 रन पर दो विकेट लेने वाली सोफी मोलिनेक्स प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए एनाबेल सदरलैंड ने दो विकेट चटकाए। वहीं, मेगन और एश्ले ने बनाया। इसकी अगली ही गेंद पर भारतीय गेंदबाज ने जॉर्जिया वेयरहेम को भी आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलिन लौटीं। 17 रन के स्कोर पर दो विकेट खो चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक अच्छी साझेदारी की तलाश थी। ऐसे में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं ताहलिया मैक्ग्रा ने मोर्चा संभाला और ग्रेस हैरिस के साथ 62 रनों की पार्टनरशिप की। 12वें ओवर में राधा यादव ने कप्तान को अपना शिकार बनाया। वह 26 गेंदों में 32 रन बना सकीं। वहीं, हैरिस 40 रन बनाने में कामयाब हुईं। इस मुकाबले में एलिस पेरी ने 32, एश्ले गार्डनर ने छह, एनाबेल सदरलैंड ने 10, सोफी मोलिनेक्स ने शून्य रन बनाए। वहीं, फीबी लीचफील्ड 15 और मेगन शून्य रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत के लिए रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि श्रेयंका, पूजा और राधा को एक-एक विकेट मिला।


# हार्दिक या रियान नहीं इस खिलाड़ी ने जीता फील्डर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में शानदार जीत दर्ज की। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। हैदराबाद में खेले गए मुकाबले के बाद टीम इंडिया के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने फील्डर ऑफ द सीरीज के नाम का एलान किया। टी दिलीप ने इस सीरीज में भारतीय खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी की तारीफ की। इस दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद रहे। फील्डिंग कोच ने तीन खिलाड़ियों को फील्डर ऑफ द सीरीज के अवॉर्ड के लिए चुना। इनमें हार्दिक पांड्या, रियान पराग और वाशिंगटन सुंदर शामिल हैं। सुंदर को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए इस अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें यह अवॉर्ड सलामी बल्लेबाज जितेश शर्मा ने सौंपा। इस सम्मान को हासिल करने के बाद स्टार ऑलराउंडर ने खुशी जताई। उन्होंने कहा- यह बहुत खुशी का मौका है। मैं मैदान पर हमेशा अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करता हूं। मैदान पर कोई भी और हर कोई योगदान दे सकता है, चाहे स्थिति कैसी भी हो। इसके लिए बहुत आभारी हूं। दिलीप सर और सहयोगी स्टाफ के हर एक व्यक्ति को धन्यवाद।बल्लेबाजों के बाद स्पिनर रवि बिश्नोई की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने हैदराबाद में खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले में 133 रनों से हराया। भारत की रनों के लिहाज से यह टी20 की तीसरी सबसे बड़ी जीत है। भारत ने इसके साथ ही तीन मैचों की यह सीरीज 3-0 से जीत क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन के शतक और कप्तान सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 297 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 164 रन ही बना सका।



# भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, टायला व्लाएमिंक चोट के कारण बाहर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज चोटिल



हो गई थीं। इस दौरान उनके कंधे की हड्डी खिसक गई थी। अब उनकी चोट की गंभीरता को देखते हुए उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है।महिला टी20 विश्व कप में आज भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया से सामना होना है। इस मुकाबले में हरमनप्रीत कौर की टीम जीत के साथ सेमीफाइनल की अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेगी। शारजाह में खेले जाने वाले मैच से पहले गत विजेता टीम को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, टायला व्लाएमिंक चोट के कारण बाहर हो गई हैं। अब उनकी जगह नई खिलाड़ी की एंट्री हुई है।शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज चोटिल हो गई थीं। इस दौरान उनके कंधे की हड्डी खिसक गई थी। अब उनकी चोट की गंभीरता को देखते हुए उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह हेदर ग्राहम को टीम का हिस्सा बनाया गया है। बात करें ग्राहम के करियर की तो 28 वर्षीय गेंदबाज ने अब तक पांच टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 8.07 की इकोनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं। उन्होंने दिसंबर 2022 में मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में भारत के खिलाफ 2-0-8-4 का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच में हैट्रिक भी ली, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 54 रनों से हराया था।

# इंग्लैंड की लगातार तीसरी जीत, स्कॉटलैंड को 10 विकेट से हराया, सेमीफाइनल के लिए स्थिति मजबूत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बाउचियर ने पारी की शुरुआत में कई बाउंड्री लगाई और शुरुआत में ही उन्हें जीवनदान भी मिला। वह 34 गेंद पर 62 रन बनाकर नाबाद रहीं जबकि वाट हॉज 26 गेंद में 51 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को महिला टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड को 10 विकेट से रौंद दिया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंचकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की संभावनाओं को मजबूत किया।पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन ही बना सकी। इसके जवाब में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज माइया बाउचियर और डैनी वाट हॉज ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों ने महज 10 ओवर में लक्ष्य हासिल कर कर टीम का नेट रनरेट भी बढ़ा दिया।बाउचियर ने पारी की शुरुआत में कई बाउंड्री लगाई और शुरुआत में ही उन्हें जीवनदान भी मिला। वह 34 गेंद पर 62 रन बनाकर नाबाद रहीं जबकि वाट हॉज 26 गेंद में 51 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टोन (चार ओवर में 13 रन देकर दो विकेट) दिन की सबसे सफल गेंदबाज रहीं।स्कॉटलैंड के लिए सारा ब्रायस (31 गेंद में 27 रन) और कैथरीन ब्रायस (28 गेंद में 33 रन) ने भी अच्छा योगदान दिया। लेकिन टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली इन दोनों का प्रदर्शन टीम के काफी नहीं रहा। मैच शुरू होने से पहले इंग्लैंड की टीम तालिका में तीसरे स्थान पर थी।

# पाकिस्तान क्रिकेट की खराब हालत पर गंभीर पीसीबी, मोहसिन नकवी ने बुलाई अहम बैठक, बड़े बदलाव की तैयारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पीसीबी ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के प्रदर्शन और फिटनेस पर रविवार को चर्चा की। इस बैठक में संबंधित अधिकारियों को आगामी मैचों के लिए बेहतर पिच बनाने के पाकिस्तान को पारी और 47 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरान मेहमान टीम ने टेस्ट इतिहास का चौथा सबसे बड़ा स्कोर तैयार किया। उन्होंने 823 रन बनाए।पीसीबी की तरफ से रविवार करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में मौजूदा सीरीज के अंत तक खिलाड़ियों की फिटनेस प्रक्रिया को पूरा करने का भी फैसला किया गया।इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने देश की क्रिकेट व्यवस्था



निर्देश दिए।पाकिस्तान क्रिकेट में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को चयन समिति और चैंपियंस कप के मेंटरों के साथ आपातकालीन बैठक की। यह बैठक इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान की हार के ठीक बाद हुई है।पीसीबी ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के प्रदर्शन और फिटनेस पर रविवार को चर्चा की। इस बैठक में संबंधित अधिकारियों को आगामी मैचों के लिए बेहतर पिच बनाने के निर्देश दिए। बता दें कि, पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में को ट्वीट किया गया। इसमें लिखा- मोहसिन नकवी ने चयन समिति और मेंटर्स की एक विशेष संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। चयन समिति और मेंटर्स की बैठक 2 घंटे तक जारी रही। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले मेंटर्स के साथ एक अलग बैठक की और फिर चयन समिति के सदस्यों और मेंटर्स के साथ एक संयुक्त बैठक की। लंबी बैठक में टीम के हालिया प्रदर्शन और फिटनेस की विस्तार से समीक्षा की गई।इसमें आगे कहा गया- पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और मेंटर्स ने मौजूदा सीरीज के अंत तक नए खिलाड़ियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी में गड़बड़ी के लिए पीसीबी की आलोचना की थी। शोएब अख्तर का एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने बांग्लादेश और इंग्लैंड के खिलाफ हार पर अफसोस जताया था। पाकिस्तान 2022 से घर पर जीत दर्ज नहीं कर पाया है। अख्तर ने कहा- दशकों से मैंने गिरावट देखी है। स्थिति निराशाजनक है। हारना ठीक है, लेकिन खेल करीबी होना चाहिए। हालांकि, हमने पिछले दो दिनों में जो देखा उन्होंने पूरी तरह से उम्मीद छोड़ दी। इससे पता चलता है कि हम काफी अच्छे नहीं हैं। इंग्लैंड ने 800₹ रन बनाए और बांग्लादेश ने भी आपको हराया।

# हरमनप्रीत ने लगाई रिकॉड्र्स की झड़ी, टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय बनीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस मैच में 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 54 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 47 गेंदों का सामना किया और छह चौके लगाए। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां अर्धशतक है।महिला टी20 विश्व कप में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। रविवार को शारजाह में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्धशतकीय पारी से भारत को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन वह ऐसा करने में सफल नहीं हो सकीं। हालांकि, वह अपने नाम कई रिकॉर्ड करने में कामयाब हुईं। इस मैच में 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 54 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 47 गेंदों का सामना किया और छह चौके लगाए। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां अर्धशतक है। इसी के साथ वह महिला टी20 विश्व कप में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। अब तक उन्होंने महिला टी20 विश्व कप में 726 रन बनाए हैं। मंधाना 524 और जेमिमा 407 रनों के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।मौजूदा टूर्नामेंट में यह दाएं हाथ की बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 52ङ



रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हरमनप्रीत से पहले पिछले संस्करण में स्मृति मंधाना ने दो अर्धशतक लगाए थे। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने 2018 में दो अर्धशतक लगाए थे। महिला टी20 विश्व कप में हरमनप्रीत के पांच 50 से अधिक स्कोर भारत के लिए मिताली राज के साथ संयुक्त रूप से सबसे अधिक हैं।कप्तान हरमनप्रीत कौर की अर्धशतकीय पारी काम नहीं आई। भारत को अंतिम ओवर में 14 रन की जरूरत थी। हरमनप्रीत विकेट पर थीं, लेकिन सदरलैंड के ओवर में भारत ने चार विकेट खोकर मैच गंवा दिया। ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 151 रन के जवाब में भारत ने नौ विकेट पर 142 रन बनाए। हरमनप्रीत 47 गेंद में छह चौकों की मदद से 54 रन पर नाबाद रहीं। उन्होंने चौथे विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (29) के साथ 55 गेंद में 63 रन की साझेदारी की।

# राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे है तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम में रोहित-कोहली से मिले पूर्व कोच द्रविड़, अभ्यास सत्र के दौरान की चर्चा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**विश्व कप की खिताबी जीत के बाद द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था और पूर्व के साथ बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में चर्चा करते दिखे। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 अक्तूबर से तीन मैचों की टेस्ट टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचे और खिलाड़ियों के साथ हंसी मजाक की और कुछ अच्छे पल बिताए। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया



बल्लेबाज गौतम गंभीर को टीम इंडिया का नया मुख्य कोच बनाया गया था। द्रविड़ अचानक ही भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचे और खिलाड़ियों के साथ हंसी मजाक की और कुछ अच्छे पल बिताए। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु में ही खेलना है। द्रविड़ की कोचिंग में भारत ने इस साल जून में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। विश्व कप की खिताबी जीत के बाद द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था और पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को टीम इंडिया का नया मुख्य कोच बनाया गया था। द्रविड़ अचानक ही भारतीय पर वायरल हो रहा है जिसमें द्रविड़ रोहित, कोहली और पंत के साथ बातचीत करते दिख रहे हैं। भारत ने हाल ही में संपन्न हुए बांग्लादेश के खिलाफ टी20 और टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था और दोनों ही सीरीज में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा था। भारत की नजरें अब न्यूजीलैंड के खिलाफ भी वही प्रदर्शन दोहराने की होगी। द्रविड़ के साथ बातचीत से भारतीय टीम का मनोबल और बढ़ा होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान किया था। द्रविड़ को नवंबर 2021 में भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। द्रविड़ रवि शास्त्री की जगह टीम इंडिया के कोच बने थे। द्रविड़ के नेतृत्व में टीम ने 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, इसके कुछ महीने बाद ही टीम ने टी20 विश्व कप जीता था। वनडे विश्व कप से पहले भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया था। राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद द्रविड़ ने आईपीएल में वापसी की और उन्हें राजस्थान रॉयल्स का मुख्य कोच बनाया गया था। द्रविड़ इस टीम के लिए पहले खेल चुके हैं और राजस्थान के मेंटर भी रहे हैं। इसके अलावा वह 2015 और 2016 में टीम के क्रिकेट निदेशक भी रहे थे।

# सम्पादकीय

## उपेक्षित जीवन जीने को मजबूर बुजुर्ग, समाज और राष्ट्र का भविष्य होते हैं वरिष्ठजन

देश के सत्तर साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को बीते दिनों सरकार ने आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने का निर्णय लिया। इसके तहत करीब छह करोड़ वरिष्ठजनों को पांच लाख रुपये का बीमा कवरेज मिलेगा। बुजुर्गों के लिए केंद्र सरकार की यह योजना अनायास नहीं है। हाल में प्रकाशित चार रिपोर्टों में देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी का आकलन किया गया है। इन सभी ने केंद्र सरकार का भी ध्यान खींचा है। इनमें पहली रिपोर्ट कुछ भारतीय और अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन पर आधारित है। उनका यह अध्ययन प्लस वन नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इससे पता चलता है कि आज देश का हर चौथा बुजुर्ग स्मृति लोप, भाषा का ठीक से प्रयोग न करने, सोचने-समझने एवं निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाने तथा अपने दैनिक कामों में समस्या का अनुभव करने जैसी दिक्कतों से जूझ रहा है। दूसरी रिपोर्ट एसबीआइ की है जिसमें कहा गया है कि भारत की कामकाजी आबादी की औसत आयु 2021 में 24 वर्ष के मुकाबले 2024 में बढ़कर 28-29 वर्ष होने की संभावना है। आज चीन की कामकाजी औसत आयु 39.5 साल है। वहीं यूरोप में यह 42 साल, उत्तरी अमेरिका में 38 साल तथा एशिया में 32 साल है। वैश्विक स्तर पर यह औसत आयु 30.4 वर्ष है। वर्ष 2001 में बुजुर्गों की जो आबादी 7.9 करोड़ थी, वह 2024 में बढ़कर 15 करोड़ हो गई है। बुजुर्गों की यह आबादी देश की कुल जनसंख्या का 10.7 प्रतिशत है। इनमें 7.7 करोड़ पुरुष तथा 7.3 करोड़ महिलाएं हैं। 2001 में जो कामकाजी आबादी 58.6 करोड़ थी, 2024 में इसके 91 करोड़ रहने की संभावना है। इस प्रकार जल्द ही देश की कुल आबादी में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी कामकाजी लोगों की होगी। इस कड़ी में मेन एंड वीमेन नामक तीसरी रिपोर्ट केंद्र सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय की है। यह बताती है कि 2036 तक देश में बच्चों एवं किशोरों की आबादी में तेजी से गिरावट आएगी। दूसरी ओर बुजुर्गों और मध्यम उम्र के लोगों की संख्या बढ़ेगी। वर्तमान आबादी में 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का प्रतिशत 9.5 है। वहीं 2036 में बुजुर्गों की आबादी बढ़कर 13.9 प्रतिशत हो जाएगी। चौथी रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की भारत प्रमुख एंड्रिया वोजनार के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान से जुड़ी है। उनके अनुसार भारत में अगले 25 वर्षों में देश की आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या बढ़कर 20.8 प्रतिशत हो जाएगी। अर्थात देश में हर पांचवां व्यक्ति बुजुर्ग होगा। यूएनएफपीए के अनुसार 2024-2050 के बीच देश की कुल आबादी 18 प्रतिशत ही बढ़ेगी, मगर वृद्ध जनसंख्या में 134 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। देश की आबादी में जिस प्रकार बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है उससे देश में कामकाजी युवाओं और वृद्धजनों के बीच असंतुलन आने के आसार बढ़ रहे हैं। एक खास बात यह भी है कि विकसित देशों मसलन जापान, फ्रांस, जर्मनी, आस्ट्रेलिया एवं ब्रिटेन जैसे देशों में जनसंख्या के बढ़ने का स्तर अमूमन शून्य हो चुका है। निःसंदेह भविष्य में वहां वृद्धजनों की संख्या बढ़ेगी और कार्यशील जनसंख्या कम होती जाएगी जिससे उत्पादन स्वतः ही घटेगा। हालांकि भारत में ऐसा नहीं है। उपरोक्त चारों रिपोर्टों का सार यह है कि यहां अगर बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है तो उससे कहीं बढ़े हुए अनुपात में कामकाजी युवक-युवतियों की संख्या भी बढ़ रही है। आज ब्राजील, रूस, भारत और चीन में जन्म दर और जनसंख्या वृद्धि दर लगातार घट रही है। भविष्य में केवल भारत देश ही ऐसा होगा, जहां की कार्यशील और ज्ञानाश्रित युवा जनसंख्या संपूर्ण विश्व में अपना परचम फहराएगी। आज देश में बुजुर्गों से जुड़े सामाजिक ढांचे तथा युवाओं और वरिष्ठजनों के बीच बढ़ रहे पीढ़ीगत अंतराल और जनसंख्यात्मक असंतुलन को लेकर चिंता अधिक है। यदि देश के युवाओं की ऊर्जा, शक्ति, उत्साह और सामर्थ्य देश के काम आएगा तो उसी अनुपात में देश के वरिष्ठजनों का लंबा अनुभव भी इन युवाओं की सुरक्षा में ढाल का कार्य करेगा। किसी भी देश को महान वहां के रहने वाले लोग बनाते हैं और यही लोग आगे चलकर उस महान देश के महत्वपूर्ण नागरिक बन जाते हैं, परंतु भारत जैसे सुसंस्कृत देश के बुजुर्ग नागरिक यहां उपेक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। अमेरिका और यूरोप में किसी भी राजनीतिक दल में इतना साहस नहीं है कि वे वहां के वरिष्ठ नागरिकों की अनदेखी कर सकें। यूरोप और अमेरिका के बजट का एक बड़ा हिस्सा बुजुर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण पर खर्च होता है। आवश्यकता है कि जहां सरकारों द्वारा उनकी पेंशन राशि में बढ़ोतरी हो, वहीं रेल एवं हवाई यात्रा में छूट तथा स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार और एक गरिमापूर्ण जीवन जीने की सुलभता के साथ-साथ उनकी सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम हों। याद रहे कि जो समाज एवं राष्ट्र अपने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करता है वह वर्तमान के साथ सुनहरे भविष्य के लिए भी अपनी सामाजिक पूंजी को सहेजकर रखता है। वर्ष 2047 तक हम जिस विकसित भारत की कल्पना कर रहे हैं वह वरिष्ठ नागरिकों के बढ़ते संख्यात्मक बल से जुड़े लंबे अनुभव और युवाओं की कार्यात्मक ऊर्जा एवं शक्ति के मध्य सहक्रिया के सेतु पर संतुलित पदचापों से ही पूरी हो पाएगी।

# हरियाणा की जीत और सबक से तय होगी मोदी राहुल की अगली सियासत, महाराष्ट्र–झारखंड में रोचक मुकाबले

लोकसभा चुनावों में भाजपा के गठबंधन (एनडीए) को कांग्रेस गठबंधन (इंडिया) के मुकाबले सीटों और मत प्रतिशत दोनों का नुकसान हुआ और विधानसभा सीटों पर भी इंडिया गठबंधन का महाविकास अघाड़ी एनडीए गठबंधन के महायुति से आगे था। इसलिए महाराष्ट्र की चुनौती हरियाणा से ज्यादा कठिन है। जबकि झारखंड में मुकाबला बराबरी का बताया जा रहा है। जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद देश का राजनीतिक तापमान एकाएक गरम हो गया है। हरियाणा में कांग्रेस की अप्रत्याशित हार और जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के शानदार प्रदर्शन ने इंडिया गठबंधन में सहयोगी दलों को कांग्रेस पर मुखर होने का जो मौका दिया है उससे कांग्रेस पर फिर वैसा ही दबाव बन गया है जैसा कि नवंबर दिसंबर 2023 में तीन राज्यों मध्य प्रदेश छत्तीस गढ़ और राजस्थान की चुनावी हार के बाद बना था। नतीजा कांग्रेस ने अपने रुख को लचीला बनाया और लोकसभा चुनावों में सहयोगियों के साथ बेहतर तालमेल करके भाजपा को 240 और एनडीए को 293 पर रोक दिया। उधर हरियाणा की चौंकाने वाली जीत और जम्मू कश्मीर में पिछली बार से ज्यादा सीटों की जीत ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से पिछले साल के आखिर में तीन राज्यों की जबर्दस्त जीत जैसा सियासी टॉनिक फिर दे दिया है। वहीं ये नतीजे नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के लिए भी फिर वैसा ही सबक हैं जैसा उन्हें 2023 में तीन राज्यों की हार के बाद मिला था। अब अगले ही महीने संभावित महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के चुनावों के लिए तैयार हो रहे दोनों दल इन नतीजों से कैसा फायदा उठा पाते हैं इन राज्यों के चुनाव नतीजे इससे तय होंगे। मोदी सरकार-तीन जिसे अब एनडीए सरकार भी कहा जा रहा है के डेढ़ सौ दिन होने जा रहे हैं। लेकिन इस बार जब सरकार के सौ दिन पूरे हुए तब सरकारी प्रचार उतने जोर शोर से नहीं हुआ जैसा कि नरेंद्र मोदी के पिछली दो सरकारों के सौ दिन पूरे होने पर हुआ था। इसे समझा जा सकता है क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव नतीजों ने सरकार तो बनवा दी लेकिन हनक कमजोर कर दी थी। लेकिन हरियाणा के नतीजे मोदी सरकार की हनक वापस लाने में मददगार हो सकते हैं बशर्ते कि भाजपा अगले महीने संभावित महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में ऐसा ही प्रदर्शन दोहरा सके। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के सामने जितनी कड़ी चुनौती थी उतना ही आसान यह भी था कि उसका मुकाबला उस कांग्रेस से था जो जीती हुई बाजी आसानी से हारना जानती है जबकि महाराष्ट्र में उसे कांग्रेस के साथ साथ उन दो क्षेत्रीय दलों शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (श?द पवार) की मिली जुली ताकत से भिड़ना है जिनके लिए यह चुनाव उनके सियासी वजूद का सवाल हैं। साथ ही हरियाणा में भाजपा अपने दम पर अकेले लड़ रही थी और लोकसभा चुनावों में पांच सीटें गंवाने के बावजूद कांग्रेस के मुकाबले विधानसभा सीटों और मत प्रतिशत में थोड़ा आगे थी। जबकि महाराष्ट्र में उसके अपने दो सहयोगी शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के साथ सीटों के बंटवारे से लेकर चुनाव प्रचार तक बेहतर तालमेल बिठाना



होगा और उन गड्ढों को भरना होगा जो मौजूदा शिंदे सरकार के जमाने में पैदा हो गए हैं। क्योंकि लोकसभा चुनावों में भाजपा के गठबंधन (एनडीए) को कांग्रेस गठबंधन (इंडिया) के मुकाबले सीटों और मत प्रतिशत दोनों का नुकसान हुआ और विधानसभा सीटों पर भी इंडिया गठबंधन का महाविकास अघाड़ी एनडीए गठबंधन के महायुति से आगे था। इसलिए महाराष्ट्र की चुनौती हरियाणा से ज्यादा कठिन है। जबकि झारखंड में मुकाबला बराबरी का बताया जा रहा है। उधर हरियाणा के नतीजों ने भाजपा औ? उसके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ पिछले कुछ समय से रिश्तों में आई खटास को भी मिठास में बदलने का सिलसिला शुरु कर दिया है। दोनों के बीच बढ़ी दूरी की वजह से ही शायद भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पूरे होने के बावजूद अभी तक भाजपा के नए अध्यक्ष के नाम पर कोई फैसला नहीं हो सका है। लोकसभा चुनावों के बाद जिन नामों पर मीडिया में कयास लग रहे थे उनमें ज्यादातर केंद्र सरकार में मंत्री बन चुके हैं और जो नहीं बने हैं उनके नाम भी अब चलने बंद हो गए हैं। माना जा रहा है कि यह देर इसलिए भी हो रही है कि भाजपा के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच नए अध्यक्ष के नाम पर अभी तक सहमति बन नहीं सकी है। वैसे भी चुनाव नतीजों के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत के सांकेतिक बयानों ने भी सरकार और संघ के बीच सब कुछ ठीक न होने का संदेश भी लगातार दिया है। अटकलें तो यहां तक चली हैं कि संघ प्रमुख इस बार घनघोर मोदी विरोधी माने जाने वाले पर संघ नेतृत्व के दुलारे पूर्व संगठन महासचिव संजय विनायक जोशी को भाजपा अध्यक्ष बनाना चाहता है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और दूसरे भाजपा नेता इसके लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। लेकिन हरियाणा में भाजपा की अप्रत्याशित जीत के पीछे एक बड़ा कारण चुनावों में संघ के पूरे तंत्र का भाजपा के पक्ष में सक्रिय हो जाना भी माना जा रहा है। कहा तो यह भी जा रहा है कि अघोषित रूप से संघ नेतृत्व ने संजय जोशी को भी हरियाणा में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का निर्देश दे दिया था और पर्दे के पीछे रह कर जोशी ने भी काम किया है। नतीजे जहां एक तरफ जहां मोदी के करिश्मे की कमी के भ्रम को दूर करने में मदद करेंगे वहीं इस तथ्य को भी स्थापित कर रहे हैं कि भले ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनावों में यह कहा हो कि भाजपा अब इतनी बड़ी हो गई है कि उसे चुनाव जीतने के लिए संघ की जरूरत नहीं रह गई है, लेकिन हकीकत ये है कि बिना संघ के जमीनी कार्यकर्ताओं और अन्य संगठनों के तंत्र की मदद के लिए भाजपा सिर्फ एक मोदी के चेहरे और अपनी रणनीति से चुनाव नहीं जीत सकती है। यानी मोदी का करिश्मा और संघ की ताकत दोनों एक दूसरे के पूरक हैं और यही बात अब इनके बीच की कथित दूरी को खत्म कर सकती है। ये दूरी खत्म हुई या नहीं या फिर कितनी कम हुई इसका सबसे बड़ा पैमाना होगा कि भाजपा का नया अध्यक्ष कौन बनता है। क्या संघ पूरी तरह अपनी पसंद के व्यक्ति को अध्यक्ष बनवा पाएगा या मोदी शाह की पसंद के आगे संघ कमजोर पड़ेगा या फिर दोनों पक्षों के बीच इस मुद्दे पर कोई सहमति बनेगी। उधर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सर्वोच्च न्यायालय से जमानत के बाद जिस तरह केजरीवाल ने नाटकीय तरीके से मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा देकर मंत्री आतिशी मारलेना को अपना उत्तराधिकारी बनाया है उसने भी भाजपा के सामने दिल्ली में नई चुनौती पेश कर दी है। हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की चुनौती को तो भाजपा ने अपनी जीत से बेकार कर दिया है लेकिन अभी महाराष्ट्र झारखंड और उसके बाद दिल्ली में विपक्षी इंडिया गठबंधन की चुनौती बरकरार है। इसको कमजोर करने के लिए ही सरकार ने अपने पिटारे से एक देश एक चुनाव वाली कोविंद कमेटी की रिपोर्ट को मंत्रिमंडल की मंजूरी देकर संसद के अगले सत्र में इसे विधेयक के रूप में लाने का साफ संकेत दे दिया है। ये राजनीति में अपने मुद्दों की माहौलबंदी की एक कवायद है। इसका संकेत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने संबोधन में भी दे दिया था कि भले ही उनकी सरकार इस बार सहयोगी दलों के समर्थन पर टिकी हो लेकिन सरकार अपने दोनों एजेंडों एक देश एक चुनाव और समान नागरिक संहिता पर कदम वापस नहीं खींचेगी और इसी कार्यकाल में इन दोनों पर आगे बढ़ेगी। कोविंद कमेटी की रिपोर्ट को मंजूर करके मोदी सरकार ने इस ओर एक कदम बढ़ा दिया है। एक देश एक चुनाव को मौजूदा संसद किस रूप में लेगी इसे देखने के बाद ही मोदी सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के अपने भाषण में सेक्युलर सिविल कोड भी कहा था, के अपने अगले एजेंडे पर काम करेगी। सवाल है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को पता है कि इन दोनों मुद्दों के लिए संविधान में आवश्यक संशोधन करना होगा जिसके लिए भाजपा ही नहीं पूरे एनडीए के पास भी संसद में पर्याप्त संख्या बल नहीं है तब इन्हें बजाय ठंडे बस्ते में फिलहाल डालने के सरकार इनको आगे क्यों बढ़ा रही है। जबकि यही केंद्र सरकार संसद में ही वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति को सौंप चुकी है। बजट में कैपिटल गेन और इंडक्सेशन जैसे मुद्दों पर अपने कदम पीछे खींच चुकी है। आरक्षण को लेकर दलितों में क्रीमी लेयर बनाने के सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को भी सरकार ने बाकायदा मंत्रिमंडल से प्रस्ताव पारित करके नामंजूर कर दिया। इसका एक ही जवाब है कि भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गठबंधन सरकार चला रहे हों लेकिन वह जनता में यह संदेश बनाए रखना चाहते हैं कि जिस हनक और ठसक से मोदी सरकार एक और दो चली हैं, उसी हनक और ठसक से मोदी सरकार तीन भी चल रही है ओर चलेगी। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तकरीबन उन्हीं चेहरों को मंत्री बनाया जो मोदी सरकार दो में थे और कमोबेश ज्यादातर मंत्रियों के विभाग भी नहीं बदले गए। यहां तक कि लोकसभा अध्यक्ष भी वही ओम बिड़ला हैं जिन्हें लेकर पिछली लोकसभा में विपक्ष ने खासा विवाद पैदा किया था। बावजूद इसके सरकार को कुछ मुद्दों पर जरूर अपने कदम वापस खींचने पड़े हैं जिनकी भरपाई अपने मूल दोनों मुद्दों एक देश एक चुनाव और समान नागरिक संहिता को आगे बढ़ाकर प्रधानमंत्री मोदी करना चाहते हैं। हरियाणा और जम्मू के नतीजों ने उन्हें नई ताकत दी है। उधर कांग्रेस को हरियाणा के नतीजों ने जबर्दस्त झटका दिया है। जहां राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे इन नतीजों को अप्रत्याशित बता रहे हैं वहीं पार्टी प्रवक्ता इनके लिए चुनाव आयोग और ईवीएम को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग से कुछ जिलों में ईवीएम मशीनों की बैट्री के 99 फीसदी तक चार्ज रहने पर सवाल उठाते हुए अपनी शिकायत भी दर्ज कराई है। लेकिन नतीजों पर विचार करने के लिए शीर्ष नेतृत्व ने बैठक की जिसमें राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं ने पार्टी से ज्यादा अपने हितों को आगे रखा जिसकी वजह से यह अप्रत्याशित हार हुई। पार्टी ने एक जांच समिति बनाकर कारणों का पता लगाने का फैसला किया है जो हर चुनावी हार के बाद कांग्रेस में होता है लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही होता है। लेकिन इन नतीजों ने इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की हैसियत फिर कमजोर कर दी है जैसी 2023 के आखिर में तीन राज्यों में हुई हार के बाद हुई थी। सहयोगी दलों शिवसेना (उद्धव), समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के साथ साथ जम्मू कश्मीर में साथ लड़ी नेशनल कांफ्रेंस ने भी अपने तेवर तीखे करते हुए कांग्रेस को अपने कील कांटे दुरुस्त करने की नसीहत दी है।शिवसेना (उद्धव) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने तो चुनाव नतीजों के बीच में भाजपा को जीत की बधाई देते हुए उसकी रणनीति की सराहना की और कहा कि कांग्रेस जहां भाजपा से अकेले चुनाव लड़ती है वहां हार जाती है। उसे अपनी रणनीति पर विचार करना चाहिए। मतलब साफ है कि महाराष्ट्र में अगर जीतना है तो सहयोगी दलों के पीछे चलना होगा और मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में उद्धव ठाकरे को आगे करना होगा। हरियाणा की 89 सीटों पर चुनाव लड़कर महज पौने दो फीसदी वोट पाने वाली आम आदमी पार्टी ने भी हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिए आप से गठबंधन न करने को जिम्मेदार ठहराते हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में अकेले उतरने का ऐलान कर दिया।लेकिन पहले दिन दस में छह उम्मीदवार घोषित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साध चुके सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस को राहत देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की दस विधानसभा सीटों के उपचुनावों में सपा कांग्रेस का गठबंधन जारी रहेगा। अब बची चार सीटों में से कांग्रेस को ज्यादा से ज्यादा दो सीटें ही मिल सकेंगी। कुल मिलाकर कांग्रेस को हरियाणा की हार की कीमत अपने सहयोगियों के सामने नरम होकर चुकानी पड़ेगी क्योंकि उसके लिए भाजपा को महाराष्ट्र झारखंड और दिल्ली में हराना बेहद जरूरी है वरना लोकसभा चुनावों से विपक्ष के हक में बना माहौल पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगा और इंडिया गठबंधन के बिखरने का खतरा भी बढ जाएगा। इससे सबसे ज्यादा नुकसान होगा राहुल गांधी की छवि को जो बमुश्किल उनकी दोनों भारत यात्राओं के बाद न सिर्फ सुधरी बल्कि उससे पार्टी और विपक्ष को चुनावी फायदा भी हुआ। अब उसके सामने राहुल की छवि और विपक्षी गठबंधन को बनाए और बचाए रखने की कड़ी चुनौती है। इसलिए अगर कांग्रेस ने हरियाणा से सबक लेकर महाराष्ट्र और झारखंड में अपनी रणनीति, अपने संगठन और उम्मीदवारों के चयन के साथ साथ मुद्दों और प्रचार को दुरुस्त कर लिया वह महाराष्ट्र झारखंड में कामयाबी से हरियाणा की हार के झटके से उबर सकती है लेकिन अगर कोई सबक नहीं लिया तो पिछले दो सालों में राहुल गांधी द्वारा की गई मेहनत पर पानी फिर सकता है। अब यह कांग्रेस और राहुल गांधी को तय करना है कि उन्हें किस रास्ते जाना है।

# दूसरा दिन 58वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला – ऑटम 2024

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** 58वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2024 अपने शानदार शुरुआत के बाद जोर पकड़ रहा है। यहां विभिन्न देशों से ब्रांड और सोर्सिंग समूहों से बड़ी तादाद में खरीदार पहुंच रहे हैं। मार्ट और हॉल दोनों में ही डेकोर, हाउसवेयर, फर्नीचर, फैशन एक्सेसरीज, होम टेक्सटाइल के साथ-साथ गिफ्ट और होलीडे डेकोरेशन के स्टैंड्स में चहल-पहल के बीच लगातार गतिविधियां हो रही हैं। इस मेले में अभी तीन दिन और बाकी हैं और इसकी सफलता का माहौल अभी से तैयार हो गया है। राजस्थान सरकार के माननीय उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामलों एवं खेल, कौशल, योजना एवं उद्यमिता और नीति निर्माण मंत्री श्री के. के. बिश्नोई ने अभूतपूर्व प्रदर्शकों और बड़ी संख्या में खरीदारों की मौजूदगी वाले इस भव्य मेले के आयोजन के लिए ईपीसीएच की सराहना की। इसी दौरान उन्होंने राजस्थान के प्रतिभागियों के साथ बातचीत भी की और उनके उत्पादों की विविधता, डिजाइन एवं गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने के लिए राज्य के समृद्ध लकड़ी, घातु, टेक्सटाइल, लेदर और बोन एवं हॉर्न शिल्प पर बल दिया। बीजेपी के राजनीतिक एवं आर्थिक मामलों के राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य और राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. सैयद जफर इस्लाम ने मेले में अपने दौरे के दौरान ईपीसीएच की देश और खास कर उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी, जो सबसे बड़ी भागीदारी और उत्पाद प्रतिनिधित्व वाला राज्य है और मेले की मेज़बानी भी करता है। उन्होंने मुरादाबाद - हस्तशिल्प के सबसे बड़े केंद्र और राज्य के अन्य क्षेत्रों के कारीगरों, उद्यमियों और निर्यातकों से मुलाकात भी की। ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने साझा किया, 58वां आईईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2024, 16 से 20 अक्टूबर 2024 तक ग्रेटर नोएडा (एक्सप्रेसवे) के इंडिया एक्सपो सेंटर ऐंड मार्ट में आयोजित किया जा रहा है। इसके दूसरे दिन कई खरीदारों ने मेले में शिरकत की। मेले में विभिन्न देशों से आए आगंतुकों ने मेले का दौरा किया और अपनी सोर्सिंग से जुड़ी जानकारियों के साथ काफी व्यस्त दिखे। इस अवसर पर भारतीय हस्तशिल्प निर्यात व्यापार के महत्व के विषयों पर व्यावहारिकता प्रदान करने वाले सेमिनारों के साथ रैंप प्रस्तुतियां कई आगंतुकों को उत्साहित करती दिखीं। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पकारों द्वारा शिल्प निर्माण प्रक्रिया का प्रदर्शन दरशकों को आकर्षित कर रहा है और मेले में अच्छी तरह से सुसज्जित लाउंज आगंतुकों को आराम करने में मदद कर रहे हैं। पहली बार आने वाले कई अंतरराष्ट्रीय आगंतुक हमारे क्षेत्र के पैमाने और निर्माताओं की गतिशीलता पर ध्यान दे रहे हैं, जो सामूहिक रूप से विदेशों में 'ब्रांड इंडिया' की पेशकश करते हैं। कुछ लोगों ने यह भी साझा किया है कि ईपीसीएच के सभी बहुआयामी गतिविधियों में से कुछ ऐसी हैं जिनसे बहुत से लोग अभी तक अनजान हैं, उन्हें मेले के केंद्र में 'ईपीसीएच वर्ल्ड' के माध्यम से बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया गया है। मुख्य संरक्षक की भूमिका में ईपीसीएच के महानिदेशक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा, ठ हमारे नियमित खरीदार और आईएचजीएफ दिल्ली मेले के नए आगंतुक हमें उत्पाद प्रदर्शन के साथ-साथ व्यापार करने के लिए आरामदायक माहौल के मामले में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। उनकी बहुमूल्य प्रतिक्रिया ने क्षमताओं को प्रज्वलित किया है और प्रदर्शकों में आत्मविश्वास पैदा किया है, खासकर उन उभरते हुए लोगों में जो अभी शुरुआत कर रहे हैं लेकिन अपार संभावनाएं दिखाते हैं। आयोजन में आए इटली के खरीदार फिलिपो और लोरेंजो ने कहा, ठहम इस मेले में पहली बार शामिल हुए हैं और हमारा अनुभव शानदार रहा है क्योंकि कई निर्माता हमारे उसी विश्वास को विस्तार दे रहे हैं जिसके भरोसे हम यहां पर आए हैं। रीसाइकिल्ड और दीर्घकालिक वस्तुओं में हमारा बहुत दृढ़ विश्वास है, ऐसे में यह हमारी प्रतिबद्धता है कि हम उत्पादन और उपभोग के मॉडल और ग्रीन सर्कुलर इकोनॉमी के नजरिए का समर्थन करें और इस बारे में जागरूकता का विस्तार करें । हमने भारत को उसकी बेहतर गुणवत्ता और आसान भागीदारी प्रक्रिया के लिए चुना है। हम अब तक कई उत्कृष्ट आपूर्तिकर्ताओं से जुड़ भी चुके हैं। आयोजन में पहली बार शिरकत कर रहीं एक अन्य खरीदार, पेरिस की डियाने ने अपने विचार कुछ यूं साझा किए, सुंदर भारतीय उत्पादों के लिए मेरी जिज्ञासा ने मुझे इस मेले की यात्रा करने के लिए प्रेरित किया। मैं एक ऐसी कंपनी से हूं जो विशेष गुण, प्रमाणिकता और सुंदरता के साथ बेहतरीन डिजाइन पेश करने की इच्छा रखती है। मैं खास तौर पर लैंप एवं एक्सेंट पीस जैसे होम डेकोर उत्पादों की तलाश में हूं। भारतीय उत्पाद शानदार और जीवंत शिल्प कौशल और व्यापक हस्तनिर्मित डिजाइनों के साथ संस्कृति को खूबसूरती से दर्शाते हैं जो वास्तव में अलग दिखते हैं। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने बताया, ठडेको-यूटिलिटी उत्पादों के साथ-साथ स्टेटमेंट पीस में खूबसूरती से प्रदर्शित क्षेत्रीय शिल्प कौशल भारत की विरासत और हमारे विविध स्थलाकृति के कारण प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले मौसमी प्राकृतिक व्युत्पन्नों के महत्व के बारे में व्यावहारिक जागरूकता पैदा कर रहे हैं। प्रत्येक क्षेत्र कई कहानियाँ बताता है और हमारे आगंतुक विशेष चीज़ों की तलाश में होने के कारण ध्यान देकर खुश होते हैं। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता ने बताया, डोमेन एक्सपर्स्ट के साथ आज हमारे सेमिनारों की शुरुआत हुई है जो अंतरराष्ट्रीय अनुपालनों और निर्यात दस्तावेजीकरण पर गहरी समझ, दिशानिर्देश और महत्वपूर्ण जानकारियां देना जारी रखेंगे। ये सत्र न केवल निर्यातकों के लिए बल्कि उन लोगों के लिए भी है जो अपने बिजनेस के शुरुआती दौर में हैं।ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने कहा, ईपीसीएच द्वारा डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के सहयोग से आज 'विदेशी खरीदारों तक पहुंचने के लिए रणनीतिक नजरिया' विषय पर आयोजित सत्र में मौजूद लोगों को बताया गया कि निर्यातक संभावित खरीदारों तक कैसे पहुंच सकते हैं और उनसे कैसे संपर्क स्थापित कर सकते हैं; विभिन्न निर्यातक अपने संभावित खरीदारों की खोज कैसे कर सकते हैं; और साथ ही निर्यातकों के लिए अत्याधिक प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी रैंकिंग सुधारने के लिए स्थिरता और समाधानों को लेकर भी जानकारी साझा की गई। वनों की कटाई-मुक्त उत्पादों (ईयूडीआर) पर यूरोपीय संघ के विनियमन पर आयोजित एक और सत्र ने अनुपालन, विनिर्माण प्रथाओं और प्रक्रियाओं के माध्यम से फर्नीचर और काष्ठ शिल्प निर्माताओं को आगे का रास्ता तलाशने में मदद पहुंचाई।हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने और देश के विभिन्न शिल्प समूहों में होम, लाइफस्टाइल, टेक्सटाइल, फर्नीचर एवं फैशन जूलरी और एक्सेसरीज वस्तुओं के उत्पादन में लगे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड छवि बनाने के लिए एक नोडल एजेंसी है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि साल 2023-24 के दौरान भारत से हस्तशिल्प का कुल निर्यात 32,758 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का हुआ था।



# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)

## FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)



- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

Ms. Riya Arora (Counsellor)



- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


## बाल्मीकि जयंती के अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट ने महिलाओं को साड़ी व बच्चों को बांटा निशुल्क भोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष



रितु सिन्हा व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, ट्रस्ट की पदाधिकारी सविता देवी के नेतृत्व में बांस बल्ली मार्किट सेक्टर-8, नोएडा पर महिलाओं को साड़ी एवं जरूरतमंद बच्चों/ लोगों को निशुल्क भोजन का वितरण किया। इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है और हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की जयंती की सभी शहर वासियों को बधाई शुभकामनाएं दी।

## सपा नोएडा महानगर ने धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** सपा नोएडा महानगर ने सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय सेक्टर 53 में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के अध्यक्षता व होशियारपुर में संजय घीगान जी के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जी की चित्र पर पुष्प चढ़ाए। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने महाकाव्य रामायण की रचना की थी जिसके बाद उन्हें महर्षि की उपाधि मिली थी। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी व महासचिव विकास यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण संस्कृत में लिखा था इसके चलते उन्हें संस्कृत के पहले कवि या आदिकवि के रूप में भी जाना जाता है। आज के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में मुकेश प्रधान, बबलू चौहान, गौरव कुमार यादव, जयवीर बाबा,सुमित अंबावत, नितिश बसोया, नितिन वाल्मीकि, रूपचंद यादव, कमल गौतम, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज महासंघ ( रजि ) ने बहराइच हिन्दू हत्या पर जताया आक्रोश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा हिन्दू धार्मिक आयोजनों में अकारण पत्थरबाजी, योजनाबद्ध तरीके से हमले, धार्मिक कार्यक्रमों में अवरोध उत्पन्न करना एवं हथियारों से लैस होकर जान लेना,हत्या करना यह कौन सा धर्म है। अभी हाल में ही 13 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के आयोजन में विशेष समुदाय द्वारा हमला कर एक 26 वर्षीय हिन्दू ब्राह्मण को घर के अन्दर वीभत्स तरीके से हत्या कर दी। जिसके कारण समस्त हिन्दुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। ब्राह्मण समाज महासंघ ने सामाजिक आक्रोश से अवगत कराते हुए सिटी मजिस्ट्रेट नोएडा के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी से पीड़ित को आर्थिक सहायता के साथ न्याय दिलाने की अपील की एवं इस प्रकार की सुनियोजित हमलों की गहराई से जाँच कराकर स्थाई समाधान सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। साथ ही माननीय प्रधानमंत्री श्रीं नरेंद्र मोदी जी को ज्ञापन दिया कि देश में बेतहाशा बढ़ती आबादी, अनियंत्रित जनसंख्या, संसाधनो का दोहन,देश के विकास में बहुत बड़ी बाधा है। यदि समय रहते इस पर रोक न लगाई गई तो परिणाम अच्छा नहीं होगा। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण पर केंदीय कानून बनाने की अति आवश्यकता है। ब्राह्मण समाज महासंघ (रजि) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के. के. मिश्रा,राष्ट्रीय महासचिव लोकेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरुण मिश्रा,सचिव राजेश शुक्ला,सचिव प्रभाकर झा,रामनारायण पाण्डेय,विशिष्ट पाण्डेय आदि ।



# बॉलीवुड/टेली मसाला





## उत्तरी अमेरिका में 20 लाख डॉलर के पार पहुंची वेट्टैयन, रजनीकांत के नाम हुई यह खास उपलब्धि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी फिल्म वेट्टैयन को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है। भारत में इस फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। हालांकि, उत्तरी अमेरिका में यह फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है। ताजा आंकड़ों की मानें तो यह फिल्म उत्तरी अमेरिका में 20 लाख डॉलर की कमाई कर चुकी है। रजनीकांत भारत के उन सितारों में से एक हैं, जिनके प्रशंसकों की संख्या विदेश में भी काफी ज्यादा है। यही वजह है कि उनकी यह फिल्म दूसरे देश में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उत्तरी अमेरिका में हुई फिल्म की इस कमाई के साथ रजनीकांत के नाम एक खास उपलब्धि जुड़ गई है। अब रजनीकांत सबसे ज्यादा उत्तरी अमेरिका में दो मिलियन यानी 20 लाख डॉलर की कमाई वाली फिल्में देने वाले अभिनेता बन गए हैं। दक्षिण भारत के किसी अभिनेता ने अब तक यह उपलब्धि हासिल नहीं की है। फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो रजनीकांत के अलावा इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने भी काम किया है। फिल्म हम के कई वर्षों के बाद दोनों एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आए हैं। मंजू वारियर, रितिका सिंह, राणा दग्गुबाती, फहद फासिल, दुशारा विजयन समेत और भी कई शानदार कलाकार हैं। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन टीज ज्ञानवेल ने किया है। वहीं, अनिरुद्ध रविचंदर ने इस फिल्म को अपनी धुनों से सजाया है।



## आज भी अकेला रहना पसंद करती हैं मल्लिका शेरावत, बोलीं- जहां मन आया चल दिए


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने रोमांटिक ड्रामा फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से बॉलीवुड में वापसी की है। मल्लिका का कहना है कि वह सिंगल होकर बेहद खुश हैं और वह इस समय



 का भरपूर आनंद ले रही हैं, वह जब चाहे अपना बैग पैक करती हैं और जहां मन चाहे घूम सकती हैं।मल्लिका शेरावत ने मर्डर, प्यार के साइड इफेक्ट्स और वेलकम जैसी कई फिल्मों में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों को अपना दीवाना बनाया है। हालांकि, पिछले कुछ सालों से वह बड़े पर्दे से दूर रही हैं, लेकिन विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से वापसी करने के बाद मल्लिका के प्रशंसक बेहद खुश हुए। इस फिल्म में मल्लिका के अलावा राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अहम किरदार में नजर आए। बॉलीवुड में अपनी मनोरंजक वापसी के बारे में बात करते हुए, मल्लिका ने सिंगल होने के कई फायदे बताए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान, मल्लिका ने कहा सिंगल होने पर उन्हें बहुत ज्यादा ध्यान मिलता है, जो उन्हें बहुत पसंद है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह सिंगल हैं, तो अभिनेत्री ने कहा, ठहांठ और कहा कि उन्हें यह बहुत पसंद है, जहां मन आया चल दिए। आगे मल्लिका ने कहा, "मैं जहां चाहूं जा सकती हूं। यही मुझे पसंद है।" आगे मल्लिका ने कहा कि अगर कोई इंसान अपना काफी वक्त और भावनाएं किसी दूसरे व्यक्ति के साथ साझा करने जा रहा है, तो उसके साथी को इसके लायक होना चाहिए। एक इंटरव्यू में मल्लिका ने कहा कि उन्होंने देश छोड़कर नकारात्मकता का सामना किया। मल्लिका ने कहा, ठमैंने देश छोड़ दिया। मैंने इससे इस तरह निपटाया। मुझे आलोचना का सामना करना पड़ा। आप जानते हैं कि मैं इससे निपट नहीं सकती थी। इस बात से मेरा दिल टूट गया था इसलिए उस वक्त मैंने देश छोड़ दिया। मैंने कहा कि मुझे वास्तव में समझदार महसूस करने के लिए इस देश से बाहर जाने की जरूरत है।मल्लिका ने कहा कि "आज बहुत कुछ बदल गया है। आज अगर हम बहुत सारी वेब सीरीज देखें, तो बोल्ड सींस होना बहुत आम है।" मल्लिका की वापसी फिल्म, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित है।

## रोने के बाद सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करती हैं अनन्या पांडे बोलीं- 'इससे खूबसूरती बढ़ती है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अनन्या पांडे अक्सर अपनी फिल्मों और अपनी पसंद को



लेकर बात करती रहती हैं। अब अनन्या पांडे ने कहा है कि उन्हें रोने के बाद तस्वीरें खिचवाना पसंद है क्योंकि इससे वह और खूबसूरत दिखती हैं। अनन्या पांडे अपने फिल्मों और बातों के कारण अक्सर चर्चा में रहती हैं। अनन्या को हाल ही में विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म कंट्रोल में देखा गया। ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी। अनन्या पांडे अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फोटो साझा करती रहती हैं। अनन्या ने अब अपनी तस्वीरों को लेकर काफी चौंकाने वाली बात कही हैं। अनन्या ने कहा कि उन्हें रोने में मजा आता है क्योंकि इसके बाद वह और भी सुंदर लगती हैं।अनन्या पांडे ने एक बातचीत के दौरान बताया कि उनको रोना पसंद है। उनकी तस्वीरें बहुत खूबसूरत आती हैं, जब वह रोने के बाद फोटो क्लिक करवाती हैं। अनन्या ने कहा कि कई बार रोने के बाद वह अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करती हैं क्योंकि इससे उनकी सुंदरता और बढ़ जाती है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं है जब अनन्या पांडे ने रोने को लेकर बात की है। अनन्या पांडे इससे पहले भी कह चुकी हैं कि अपने आप को जल्दी लोगों के सामने प्रस्तुत नहीं कर पाती हैं, जिसके कारण उन्हें रोना आ जाता है। वह हमेशा ऐसा करते हैं। ऐसा हमेशा ही होता है और बेहतर होता है इसलिए मुझे लगता है कि ऐसा हमेशा करना चाहिए। अनन्या ने एक बातचीत के दौरान कहा, 'मुझे लगता है कि मैं स्क्रीन पर खुद को देखने में बेहतर हो गई हूं, लेकिन जब मैंने शुरुआत की थी, तब भी अगर कोई अपने फोन पर मेरा वीडियो देख रहा होता था, तो मैं कमरे से बाहर भाग जाती थी'। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्हें अपनी आवाज सुनना पसंद नहीं है। अनन्या पांडे यह भी कह चुकी हैं कि वह खुद को बड़े पर्दे पर देखते समय भूल जाती हैं कि वहां वे खुद हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या 'शंकरा' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन भी दिखने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी करेंगे।

## उड़ता पंजाब' के लिए करना पड़ा था ऐसा संघर्ष, 'गंगूबाई काठियावाड़ी' से आलिया भट्ट में आया बदलाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट ने हाल ही में अपनी फिल्म उड़ता पंजाब और गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर बात की है। आलिया भट्ट ने बताया कि कैसे उड़ता पंजाब की शूटिंग के दौरान वह काफी समय तक शारीरिक और मानसिक रूप से दुनिया से अलग महसूस कर रही थीं। आलिया भट्ट अपने दमदार अभिनय और चुलबुले स्वभाव के कारण प्रशंसकों के दिलों पर राज करती हैं। आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा इन दिनों बड़े पर्दे पर नजर आ रही है। आलिया ने सिनेमा की दुनिया में कई तरह के किरदार निभाए, जिसके लिए उन्हें प्रशंसा और नेशनल फिल्म पुरस्कार से भी नवाजा गया है। एक बातचीत के दौरान आलिया ने अपनी फिल्म 'उड़ता पंजाब' को लेकर बात की है। उन्होंने कहा, इस फिल्म में काम करने के लिए वह शारीरिक और




मानसिक रूप से दुनिया से अलग सी हो गई थीं। आलिया भट्ट ने अपनी बातचीत के दौरान बताया कि आलिया भट्ट ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वह काफी समय तक घर से दूर सड़कों पर शूट कर रही थीं। आलिया ने कहा, 'फिल्म की शूटिंग के दौरान मैं शारीरिक रूप से दुनिया से अलग हो गई थीं। साथ ही भावनात्मक तौर पर कुछ समय के लिए शांत हो गई थी, इसका कारण था कि मैं जिस तरह की फिल्म कर रही थी। आलिया भट्ट ने बताया कि संजय लीला भंसाली का कहना है कि कोई भी कलाकार उनकी निर्देशित फिल्म में काम करने के बाद पहले जैसा नहीं रहता है। आलिया ने कहा कि वह पहले जैसी नहीं रहीं। आलिया ने कहा कि 'गंगूबाई काठियावाड़ी' फिल्म करने के बाद वह वैसी अभिनेत्री नहीं रहीं जैसी वह पहले थीं। उन्होंने इस फिल्म में काम करने की वजह से बहुत कुछ सीखा है।गंगुबाई काठियावाड़ी फिल्म को लेकर भी आलिया भट्ट ने बात की। उन्होंने कहा गंगुबाई काठियावाड़ी फिल्म में अभिनय और किरदार के कारण उन्हें नेशनल फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट 'अल्फा' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में मुंज्या में काम कर चुकी शर्वरी भी प्रमुख किरदार में नजर आने वाली हैं।

## सोनम कपूर ने साझा की बेटे वायु की प्यारी तस्वीर, कैप्शन में पति ने लिखा- 'तेजी से बढ़ रहा है'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**सोनम कपूर और आनंद आहूजा बॉलीवुड चर्चित और मशहूर जोड़ों में से एक हैं। दोनों एक प्यारे



से बेटे के माता-पिता हैं। सोनम कपूर को अक्सर अपने नन्हें बेटे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए देखा जाता है। अभिनेत्री ने एक बार फिर अपने बेटे की एक प्यारी सी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है, जिसमें उनके बेटे के तेजी से बड़े होने का जिक्र किया है। 13 अक्टूबर को अभिनेत्री सोनम कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने पति आनंद आहूजा की साझा की हुई बेहद प्यारी स्टोरी साझा की। स्टोरी में उनके बेटे वायु को हाथ में गेंद लिए देखा जा सकता है। कमरे से बाहर निकलते समय उन्हें कैमरे से दूर जाते देखा गया। पोस्ट में सोनम कपूर को टैग करते हुए कैप्शन दिया गया, 'तेजी से बढ़ रहा है' इस तस्वीर में सोनम के बेटे वायु ने मैचिंग पैंट और काले जूतों के साथ नीली शर्ट पहन रखी है। कुछ दिन पहले ही, आनंद और सोनम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक संयुक्त पोस्ट साझा की थी, जिसमें मालदीव में अपनी छुट्टियों की झलक दिखाई थी। तस्वीरों और वीडियो की एक श्रृंखला में उनके दो साल के बेटे के साथ उनकी पहली छुट्टी के खुशनुमा पलों को दिखाया गया था।

## चार दिन की शूटिंग के बाद अचानक कर दिया गया प्रभास की फिल्म से बाहर, रकुल का बड़ा खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रकुल प्रीत सिंह बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी फैन फॉलोइंग लाखों में है और वह अपने अभिनय से दर्शकों से दिलों पर राज करती हैं। रकुल ने अपने करियर की शुरुआत कन्नड़ और तेलुगु फिल्मों से की थी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने यारियां से कदम रखा था। अभिनेत्री ने हाल ही में मुंबई में अपने शुरुआती संघर्षों के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने यह भी याद किया कि कैसे चार दिन शूटिंग करने के बाद उन्हें प्रभास की फिल्म से अचानक निकाल दिया गया था। फिल्मफेयर से बात करते हुए रकुल ने कहा, ठमुझे लगता था कि अगर मुझे कोई भूमिका नहीं मिली तो कोई बात नहीं, मेरे लिए कुछ और है। मैं उस समय कांदिवली में रह रही थी। मैं अभिनेता/मॉडल



सर्किट से अलग थी। मैं लगन से जाती और अपना काम करती थी। बहुत सारे रिजेक्शन भी होते थे। तेलुगु में एक फिल्म थी, जिसकी मैंने चार दिनों तक शूटिंग की और बाद में मुझे रिप्लेस कर दिया गया। यह फिल्म प्रभास के साथ थी।उन्होंने कहा, ठयह मेरी बेहतरी के लिए ही था। उस समय मैं नई थी और कॉलेज में दूसरे वर्ष में थी। मैं अपनी परीक्षाओं के लिए सेट पर अध्ययन करती थी। फिल्म का नाम मिस्टर परफेक्ट था । पहला शेड्यूल खत्म होने के बाद जब मैं दिल्ली गई तो वहां मुझे पता चला कि मेरी जगह काजल अग्रवाल को फिल्म में कास्ट कर लिया गया है। शूटिंग के दौरान काजल और प्रभास की एक और फिल्म रिलीज हुई थी और यह एक ब्लॉकबस्टर बन गई थी। इसलिए निर्माताओं ने अपनी फिल्म में उसी कलाकार को दोहराने के बारे में सोचा। यह एक व्यावसायिक फैसला था। ऐसा कई बार होता है जब एक नई लड़की को बदल दिया जाता है।रकुल ने कहा, ठमैं दिल्ली वापस गई और उन्होंने मुझसे कहा कि वे मुझे दूसरे शेड्यूल के बारे में बताएंगे। जब मैं दिल्ली वापस गई तो मुझे पता चला कि मैं रिप्लेस हो चुकी हूं। मैंने कहा कि ठीक है। मेरे लिए कुछ बेहतर होगा।वर्क फ्रंट की बात करें तो काजल को हाल ही में कमल हासन की फिल्म इंडियन में देखा गया था। इस फिल्म में वह सिद्धार्थ के साथ नजर आई थीं। वहीं, उनके आगामी प्रोजेक्ट की बात करें तो अभिनेत्री के पास इंडियन 3 और दे दे प्यार दे 2 जैसी बड़े बजट की फिल्में हैं।

## सप्ताहांत में 'विक्की विद्या' से पीछे रही 'जिगरा'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में इन दिनों जिगरा, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, वेट्टैयन और देवरा मुख्य रूप से प्रदर्शित हो रही हैं। हालांकि, कोई भी फिल्म टिकट खिड़की पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रही हैं। हाल ही में आई आलिया की जिगरा को दर्शकों की ठंडी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म को भी कुछ खास पसंद नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा रजनीकांत की वेट्टैयन की रफ्तार उनकी पिछली फिल्म जेलर से काफी धीमी है। जूनियर एनटीआर की देवरा का भी टिकट खिड़की पर बुरा हाल है। आइए जानते हैं कि रविवार को किस फिल्म ने कैसा प्रदर्शन किया।फिल्म जिगरा में आलिया भट्ट एक्शन अवतार में नजर आई हैं। हालांकि, फिल्म को दर्शक कुछ खास पसंद नहीं कर रहे हैं। यही वजह है कि चार साल पहले आई उनकी फिल्म राजी से भी यह फिल्म काफी पीछे है। जिगरा ने पहले दिन चार करोड़ 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे दिन फिल्म ने छह करोड़ 55 लाख रुपये बटोरे थे। ताजा आंकड़ों




के मुताबिक तीसरे दिन इस फिल्म ने पांच करोड़ 53 लाख रुपये की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 16.63 करोड़ रुपये हो गया है। स्त्री 2 के बाद राजकुमार राव की एक और फिल्म रिलीज हो चुकी है। हालांकि, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को उनकी पिछली फिल्म जैसी सफलता हासिल नहीं हुई है। पहले दिन इस फिल्म ने पांच करोड़ 50 लाख रुपये से कलेक्शन किया। दूसरे दिन फिल्म ने छह करोड़ 90 लाख रुपये की कमाई की। ताजा आंकड़ों के मुताबिक तीसरे दिन फिल्म ने छह करोड़ 31 लाख रुपये बटोरे हैं। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 18.71 करोड़ रुपये हो गई है।रजनीकांत और अमिताभ बच्चन फिल्म हम के बाद एक साथ बड़े पर्दे पर फिल्म वेट्टैयन के जरिए नजर आए हैं। इस फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। यही वजह है कि टिकट खिड़की पर यह फिल्म जेलर जैसी रफ्तार हासिल नहीं कर सकी है। वेट्टैयन ने पहले दिन 31.7 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। वहीं, दूसरे दिन फिल्म ने 24 करोड़ रुपये बटोरे थे। तीसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में थोड़ा उछाल नजर आया था। शनिवार को इसने 26.75 करोड़ रुपये की कमाई की थी। ताजा आंकड़ों के मुताबिक रविवार को फिल्म ने 22.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 104.8 करोड़ रुपये हो गई है।देवरा पार्ट वन भी धीमी रफ्तार के साथ आगे बढ़ रही है। पहले हफ्ते के बाद फिल्म की रफ्तार और भी कम हो चुकी है। पहले सात दिन में इस फिल्म ने 215.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। वहीं, दूसरे हफ्ते में यह फिल्म 45.25 करोड़ रुपये की कमाई कर सकी थी। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 17वें दिन इस फिल्म ने पांच करोड़ 15 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 274 करोड़ रुपये हो गई है।

## 'बिग बॉस' के ये प्रतिभागी सलमान खान के साथ फिल्मों में कर चुके हैं काम, देखें लिस्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित शो 'बिग बॉस' है।



यह शो हमेशा सुर्खियों में भी बना रहता है। शो की पॉपुलैरिटी का एक कारण इसके होस्ट सलमान खान भी है। सलमान खान जब भी 'वीकेंड का वार' पर आते हैं, तो अपने आप ही शो की टीआरपी भी बढ़ जाती है। हालांकि, यह शो अपने प्रतिभागियों और उनके बीच होने वाली लड़ाइयों और नोंकझोक के चलते भी चर्चा में रहता है। आज हम शो के उन प्रतिभागियों के बारे में जानेंगे, जो शो के होस्ट सलमान खान के साथ फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। आइए जानते हैं वो कौन-कौन से बिग बॉस के सितारे हैं, जो बॉलीवुड के भाईजान के साथ स्क्रीन साझा कर चुके हैं अभिनेत्री महक चहल साल 2011 में 'बिग बॉस सीजन 5' में बतौर प्रतिभागी नजर आईं। महक चहल फिल्म 'वॉन्टेड' और 'मैं और मिसेज खन्ना' में सलमान खान के साथ काम कर चुकी हैं।वर्ष 2021 में बिग बॉस सीजन 6 में अभिनेत्री सना खान ने एंट्री मारी। सना ने सलमान खान के साथ फिल्म 'जय हो' में काम किया है। हालांकि, अभिनेत्री अब ग्लैमर की दुनिया को छोड़ चुकी हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।